आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 29 दिसंबर 2024 ■ पौष कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-269 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### राजधानी में मिली युवक की लाश

**रायपुर,29 दिसंबर।** राजधानी रायपुर के कचहरी चौक स्थित एसबीआई एटीएम के पास देर रात अज्ञात युवक की लाश मिली। शव पर चोट के निशान भी पाए गए हैं।यह घटना मौदहापारा थाना क्षेत्र के तहत हुई। मौदहापारा थाना के टीआई ने बताया कि मृतक को रात करीब 12 बजे मेकाहारा अस्पताल में शराब के नशे में भर्ती कराया गया था, लेकिन वह वहां से निकलकर भाग गया। रात 2 बजे पेट्रोलिंग टीम ने भी देखा था कि वह शराब के नशे में गिर रहा था। बाद में 112 की टीम से सूचना मिली कि शव मिला है। मृतक के कपड़े गीले थे, लेकिन घटनास्थल पर खून का कोई निशान नहीं मिला और ना ही मृतक के कपड़ों पर खून था। शुरूआती जांच में यह संभावना जताई जा रही है कि युवक गिरने से घायल हुआ होगा, जिससे उसकी मौत हो सकती है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत की असली वजह का पता चल सकेगा।

### साल की आखिरी कैबिनेट 30 को

**रायपुर 29 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक कल यानि 30 दिसम्बर को होगी। साल 2024 की ये आखिरी कैबिनेट होगी। अपरान्ह 3.30 बजे से मंत्रालय महानदी भवन में ये बैठक होगी। माना जा रहा है कि इस बैठक में कई अहम फैसले लिये जा सकते हैं।

### तेंदुआ-भालू की खाल और हाथी दांत की तस्करी, 5 बंदी

**बलरामपुर,29 दिसंबर।** बलरामपुर जिले के रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में तेंदुआ और भालू के खाल और मांस की अवैध बिक्री करने वाले दो आरोपियों को उड़ानदस्ता टीम ने गिरफ्तार किया है. इसके अलावा वाड्रफनगर वन परिक्षेत्र में हाथी दांत की बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के अनुसार, बलरामपुर वन मंडल के विभिन्न क्षेत्रों से वन्य प्राणियों के खाल और हाथी दांत की तस्करी की शिकायतें लगातार मिल रही थीं. इसके बाद सरगुजा उड़नदस्ता टीम ने क्षेत्र में दबिश दी और वाड्रफनगर वन परिक्षेत्र में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो हाथी दांत की बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे थे. वहीं रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में भी उड़नदस्ता टीम ने तेंदुआ और भालू के चमड़े और मांस की अवैध बिक्री में लिप्त दो आरोपियों को पल्सर और स्कूटी वाहनों के साथ पकड़ा. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल कुमार (रहवासी बभनी, जिला सोनभद्र, उत्तर प्रदेश) और रामबचन (रहवासी पुरानीडीह, रामानुजगंज) के रूप में हुई है.

### जंगल के रास्ते बॉर्डर पार 8 बांग्लादेशी पकड़े गए

**नई दिल्ली,29 दिसंबर।** राजधानी में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों और अन्य अवैध प्रवासियों की पहचान और सत्यापन के लिए हाल ही में दक्षिण पश्चिम जिले में एक अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 400 परिवारों की जांच की गई और उनके दस्तावेज़ इकट्ठा किए गए। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इस अभियान के दौरान, 8 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया, जिनमें एक पुरुष और एक महिला भी शामिल थे। ये लोग जंगल के रास्ते और एक्सप्रेस ट्रेनों का उपयोग करके भारत में घुसे थे। यह बांग्लादेशी नागरिक विभिन्न क्षेत्रों में मजदूरी का काम करते थे। पकड़े गए लोगों की पहचान जहांगीर, परिना बेगम, जाहिद, अहिद, सिराजुल, फातिमा, आशिमा और वाहिद के रूप में की गई है। इसके अतिरिक्त, एक अन्य घटना में, एक व्यक्ति को आरके पुरम से पकड़कर डिपोर्ट किया गया। एक और मामले में, पुलिस को सूचना मिली थी कि आरके पुरम के सेक्टर-2 स्थित हनुमान मजदूर कैंप में एक अवैध बांग्लादेशी नागरिक किराए पर कमरा ढूंढ रहा था।

# मन की बात में बस्तर ओलंपिक का जिक्र

## 'गंगा की अविरल धारा, ना बंटे समाज हमारा': मोदी

**नई दिल्ली,29 दिसंबर।** पीएम नरेंद्र मोदी अपनी रेडियो वार्ता 'मन की बात' के जरिए आज एक बार फिर देश की जनता से मुखातिब हुए. पीएम मोदी ने मन की बात के 117 वे एपिसोड में, जहां महाकुंभ की तैयारियों का जिक्र करते हुए देश की एकता का संदेश दिया. वहीं दूसरी तरफ बस्तर ओलंपिक की तारीफ करते हुए नक्सलगढ़ के नाम से जानें जाने वाले बस्तर में नई क्रांति की शुरुआत करार दिया. मन की बात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज महाकुंभ पर कहा- 'अगले महीने 13 तारीख से प्रयागराज में महाकुंभ होने जा रहा है. इस समय वहां संगम तट पर जबरदस्त तैयारियां चल रही हैं। मुझे याद है, अभी कुछ दिन पहले जब मैं प्रयागराज गया था तो हेलिकॉप्टर से पूरा कुंभ क्षेत्र देखकर दिल प्रसन्न हो गया था. इतना विशाल! इतना सुंदर! इतनी भव्यता! साथियो, महाकुंभ की विशेषता सिर्फ इसकी विशालता में ही नहीं है, कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है.' पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान संविधान को लेकर भी कई बातें कही. पीएम मोदी ने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है. उन्होंने कहा, ÷2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं. हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है.पीएम मोदी ने कहा, देश के नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए http://constitution|z.com नाम से एक खास वेबसाइट लांच किया. प्रधानमंत्री ने मन की बात के श्रोताओं से, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से, कॉलेज में जाने वाले युवाओं से इस वेबसाइट का हिस्सा बनने का आग्रह किया. इस वेबसाइट में आप संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं. अलग-अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं, संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं.

### बस्तर ओलंपिक नई क्रांति : पीएम मोदी

मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने बस्तर ओलंपिक का भी जिक्र किया. पीएम मोदी ने कहा, बस्तर में एक अनूठा ओलंपिक शुरू हुआ. पहली बार बस्तर ओलंपिक से वहां एक नई क्रांति जन्म ले रही है. पहली बार में ही बस्तर ओलंपिक में 7 जिलों के एक लाख 65 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया. यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, यह हमारे युवाओं के संकल्प की गौरव गाथा है.

# आग का गोला बन गया विमान 170 से ज्यादा की मौत

**साउथ कोरिया,29 दिसंबर।** साउथ कोरिया में बड़ा विमान हादसा हुआ है। जेजू एयर की फ्लाइट मुआन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर क्रैश हो गई है। हादसे के समय 175 यात्री और 6 क्रू मेंबर्स समेत 181 लोग सवार थे। कोरिया टाइम्स के मुताबिक हादसे में 181 लोगों में से दो लोगों का जिंदा रेस्क्यू किया गया है। वहीं अभी तक 170 लोगों के शव बरामद हुए हैं। अन्य यात्रियों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। वहीं विमान के क्रैश का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि फ्लाइट रैनवे पर लैंडिंग के समय फिस जाता है और फिसलते हुए काफी दूर चला जाता है। इसके बाद फ्लाइट में तेज धमाके के साथ जबरदस्त विफोट होता है। विस्फोट में फ्लाइट के परखच्चे उड़ जाते है और विमान आग के गोले में तब्दील हो जाता है। प्लेन क्रैश भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5.37 बजे (लोकल टाइम के अनुसार सुबह 9.07 बजे) साउथ-वेस्ट कोस्टल एयरपोर्ट पर हुई, जो साउथ कोरिया के साउथ जिओला में है। न्यूज एजेंसी योनहाप के मुताबिक एयरपोर्ट पर लैंड करते वक्त प्लेन के लैंडिग गियर में खराबी आई थी। इसकी वजह से प्लेन को बिना लैंडिंग गियर के लैंड करना पड़ा। मुआन एयरपोर्ट के दमकल अधिकारी ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स से बात करते हुए बताया कि प्लेन में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि आग को बुझाने में 43 मिनट का वक्त लगा। फिलहाल क्रैश साइट पर बचाव कार्य जारी है। ज्यादातर लोग प्लेन के पिछले हिस्से में थे, उन्हें वहां से बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। प्लेन में सवार यात्रियों में 173 साउथ कोरियाई और 2 थाईलैंड के नागरिक थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जिंदा बचे दोनों लोग क्रू मेंबर्स हैं।

### दिल्ली पुलिस ने पंजाबी बाग में दो बदमाशों का किया एनकाउंटर

**नई दिल्ली,29 दिसंबर।** दिल्ली पुलिस ने पंजाबी बाग में दो बदमाशों का एनकाउंटर किया है। दोनों बदमाशों को गोली लगी है। घायल अवस्था में दोनों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। दोनों बदमाश दिल्ली और मध्य प्रदेश में मिलकर कुल 80 अपराधिक घटनाओं में शामिल थे। दोनों के खिलाफ छिनैती और लूट के कई केस दर्ज हैं। दोनों बदमाशों की पहचान रिंकू और रोहित के रूप में हुई है। पुलिस ने यह कार्रवाई रविवार के सुबह के समय की है। मुखबिर से दिल्ली पुलिस के स्पेशल स्टाफ और ञ्जस् यूनिट को इनपुट मिला था कि दो वांटेड अपराधी दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके से जाने वाले हैं। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने सुबह लगभग 4.30 बजे आसपास के इलाके में जाल बिछाया और बदमाश इस जाल में फंस गए। पंजाबी बाग के मादीपुर इलाके में पुलिस ने दो संदिग्धों की पहचान की और उन्हें रुकने के लिए कहा।

# शराब घोटाले पर कार्रवाई राजनीति से प्रेरित नहीं: साव

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,29 दिसंबर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में बस्तर ओलंपिक का जिक्र होने को पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है कि पीएम मोदी ने बस्तर ओलंपिक की चर्चा की, और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने बस्तर के युवाओं के लिए कई कदम उठाए हैं, जिससे क्षेत्र के विकास में मदद मिल रही है। इसके अलावा, उन्होंने पूर्व मंत्री कवासी लखमा द्वारा ईडी की कार्रवाई को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित बताने पर पलटवार करते हुए अरुण साव ने कहा कि यह कार्रवाई राजनीति से प्रेरित नहीं है, बल्कि पूरी जांच शराब घोटाले से संबंधित है और यह देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। उन्होंने बताया कि जांच आगे बढ़ रही है और जब शराब घोटाला हुआ, तब कवासी लखमा प्रदेश के आबकारी मंत्री थे। साव ने कहा कि जांच के दौरान जो साक्ष्य सामने आए, उनके आधार पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह आरोप पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद हैं कि ईडी की कार्रवाई राजनीतिक कारणों से हुई है। वे इस बात पर जोर देते हुए कहते हैं कि मंत्री के रूप में लखमा को अपनी जिम्मेदारी से काम करना होता है, और जो बयान वह दे रहे हैं, उस पर ईडी जरूर विचार करेगी।

## बुमराह ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली,29 दिसंबर।** जसप्रीत बुमराह ने वो कमाल कर दिया जो टेस्ट क्रिकेट के 148 सालों के इतिहास में नहीं हुआ था. ऐसा पहली बार हुआ है जब बॉलर ने 20 से कम के औसत के साथ 200 विकेट हासिल किए हैं. बुमराह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बॉलर हैं. उनके बाद वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज मैल्कम मार्शल का नाम है, जिन्होंने 20.97 की औसत के साथ टेस्ट क्रिकेट में 376 विकेट चटकाए हैं. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट क्रिकेट में बड़ा कीर्तिमान स्थापित किया है. उन्होंने 20 से कम की औसत के साथ 200 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया है. यह उपलब्धि उन्होंने मेलबर्न टेस्ट की दूसरी पारी में ट्रेविस हेड का विकेट लेकर पूरी की. बुमराह ने पहली पारी में 4 विकेट लिए थे, और दूसरी पारी में भी अब तक 4 विकेट ले चुके हैं.

# अलग-अलग सड़क हादसों में 6 की मौत

## कार में आग,झुलसने से दो की मौत

**अलग-अलग सड़क हादसों में अब तक 6 लोगों की मौत हो गई. ये हादसे रायगढ़-जशपुर के बीच, बिलासपुर, बालोद और दुर्ग में हुए है. जशपुर जिले में आज सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ है. दरअसल, तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपत्ति को रौंद दिया. इस दुर्घटना में पति की मौत हो गई. वहीं पत्नी घायल हुई है, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है. हादसे के बाद घायल महिला को कुनकुरी अस्पलात ले जाया गया है. घटना नारायणपुर थाने के मटासी गांव की है.**

■ तरुण छत्तीसगढ़

**भिलाई,29 दिसंबर।** नंदिनी थाना क्षेत्र में बड़ा हादसा हुआ है. एक हादसे के बाद कार में आग लगने से दो लोगों की झुलसने से मौत हो गई है. जबकि कार सवार दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए हैं. दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया है, जहां उनका उलाज किया जा रहा है रोड किनारे पेड़ से टकराई कार नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि नंदिनी थाना अंतर्गत ग्राम मेडेसरा (पावर ग्रिड) के पास रात 11~25 बजे करीब एक कार दुर्ग से धमधा जा रही थी. तभी कार अनियंत्रित होकर रोड किनारे पेड़ से टकरा गई नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि पेड़ में टकराने के बाद आग लगने से वाहन चालक अमित ताम्रकार पिता महेंद्र ताम्रकार उम्र 30 वर्ष निवासी धमधा और उसका साथी आदित्य कसेर पिता अशोक कसेर उम्र 33 वर्ष निवासी धमधा की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई. दो अन्य घायलों का इलाज जारी है पुलिस हादसे की जांच में जुटी ~ इस हादसे में कार सवार दो अन्य लोगों को भिलाई के शंकराचार्य अस्पताल में इलाज लाया गया है. दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, उनका इलाज किया जा रहा है. दोनों घायलों की पहचान अनीश ताम्रकार एवं सुधांशु ताम्रकार के रूप में हुई है. फिलहाल, पुलिस आग लगने की वजह पता लगा रही है. जांच के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी

### रायगढ़ से जशपुर जा रही यात्री बस हादसे का शिकार

इधर रायगढ़ से जशपुर जा रही यात्री बस हादसे का शिकार हो गई. आज सुबह 8 बजे के करीब यात्रियों को लेकर जा रही बस खड़े ट्रक से टकरा गई. महिला यात्री की बस के चक्के के चपेट में आने से मौत हो गई. वहीं कई यात्री घायल हुए हैं. मौके पर पहुंची पूंजीपथरा थाना पुलिस ने बस को जप्त कर लिया है. चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है. बस में 30 से अधिक यात्री सवार थे.

### अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार महिला को कुचला

न्यायधानी बिलासपुर में अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार महिला को कुचला दिया. हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई. घटना तोरवा थाना क्षेत्र के लालखदन की है. पुलिस जांच में जुट गई है.

### ट्रैक्टर-ट्रॉली में दबकर चालक की मौत

बालोद जिले के मुड़गहन गांव में एक व्यक्ति की ट्रैक्टर-ट्रॉली में दबने से मौत हो गई. लकड़ी ठेकेदार के पास लकड़ी काटने का काम करने वाला हेमलाल साहू मुड़गहन से सालहेभाट की ओर जा रहा था. इस दौरान चालक ट्रैक्टर इंजन से गिर पड़ा और पहिए के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर ट्रैक्टर वाहन को जप्त कर कार्रवाई में जुट गई है.

# दो गज जमीन तक नहीं दी

## कांग्रेस पर बरसे पीवी नरसिम्हा राव के भाई; सोनिया गांधी को भी घेरा

**नई दिल्ली,29 दिसंबर।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद अंत्येष्टि और स्मारक को लेकर राजनीति शुरू हो गई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बीजेपी पूर्व प्रधानमंत्री का अपमान कर रही है। जिस तरह अटल बिहारी वाजपेयी का अंतिम संस्कार हुआ था उसी तरह मनमोहन सिंह का भी जहां अंतिम संस्कार हो, वहीं स्मारक बनना चाहिए। इसपर लोगों को पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव की याद आ गई कि किस तरह से उन्हें दिल्ली में अंतिम संस्कार नहीं करने दिया गया। यहां तक कि उनके पार्थिव शरीर के लिए कांग्रेस मुख्यालय के दरवाजे भी बंद कर दिए गए। इसी को लेकर पीवी नरसिम्हा राव के भाई मनोहर राव ने कांग्रेस और सोनिया गांधी दोनों को घेरा है।

मनोहर राव ने कहा, पीवी नरसिम्हा के लिए सोनिया गांधी भी नहीं पहुंची। कांग्रेस के प्रधानमंत्री का निधन हो गया और वे हैदराबाद भी नहीं आ सके। उन्हें सोचना चाहिए कि पहले खुद को सुधार लें। निगम बोध घाट में किसी का भी अंतिम संस्कार हो सकता है। आप लोगों ने पीवी नरसिम्हा राव की एक प्रतिमा तक नहीं लगाई। इतने साल सत्ता मेंरहकर भी भारत रत्न नहीं दे पाए। आपने पूर्व प्रधानंत्री को क्या सम्मान दिया क्या सम्मान किया। आप बोल रहे हैं कि मनमोहन सिंह का यह नहीं हुआ, वह नहीं हुआ। जो हुआ अच्छा हुआ। उनकी कुछ प्रक्रिया है।

# 'अधिकारियों ने मेरे अनपढ़ होने का उठाया फायदा' : कवासी

रायपुर,29 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में पंचायत चुनाव से पहले, कथित 2000 करोड़ रुपए के शराब घोटाले के मामले में जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। इस सिलसिले में, प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मंत्री कवासी लखमा और कुछ अन्य कांग्रेसी नेताओं के घरों पर छापेमारी की, जिससे प्रदेश की राजनीति में हलचल मच गई। इस छापेमारी पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व मंत्री लखमा ने इसे राजनीति से प्रेरित कार्रवाई बताया। कवासी लखमा ने कहा कि ईडी की कार्रवाई सुबह से लेकर रात तक जारी रही, लेकिन उनके घर से कोई महत्वपूर्ण कागजात नहीं मिले। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने उनके अनपढ़ होना का फायदा उठाया और जो कागजात लाए, उन्होंने उन पर दस्तखत कर दिए। लखमा ने कहा कि अधिकारी ही कागजात को पढ़ते और लिखते थे, और इस पूरे मामले में अधिकारियों ने गड़बड़ी की है। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि यह छापा कांग्रेस द्वारा विधानसभा में उठाए गए मुद्दों के कारण भाजपा द्वारा बदनाम करने की साजिश का हिस्सा है। लखमा ने आगे कहा कि एपी त्रिपाठी जैसे अधिकारियों ने उन्हें इस घोटाले के बारे में अंधेरे में रखा और उन्होंने उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी। ईडी से पूछताछ के दौरान उनसे संपत्ति संबंधी जानकारी भी मांगी गई थी, जिसके लिए उन्होंने समय मांगा है। उन्होंने यह भी बताया कि ईडी के अधिकारियों ने उनके और उनके बेटे के मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए हैं।

### मनमोहन सिंह की अस्थियां यमुना में प्रवाहित

**नई दिल्ली,29 दिसंबर।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियों को गुरुद्वारा मजनू का टीला साहिब के पास यमुना घाट दिल्ली में विसर्जित किया गया. रविवार को गुरुद्वारा मजनू का टीला साहिब के पास यमुना घाट पर अस्थि विसर्जन कार्यक्रम रखा गया था.

## प्रतिबंधित दवा ने किया अनेक खिलाड़ियों का भविष्य अंधकारमय

jasclaudius@gmail.com

# खेल भावना को सेंध लगाने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

इन दिनों खेल के माध्यम से पैसा कमाने की नई परंपरा चल पड़ी है। 20वीं सदी के अंतिम दो दशक और 21वीं सदी के आरंभ से ही पैसों की चमक ने खिलाड़ियों को गलत कार्य करने के लिए मजबूर कर दिया है। खेलकूद में अपने आप में स्टेमिना (दमखम) का विशेष महत्व होता है। खेल चाहे जो भी अगर प्रतिभागी में स्पर्धा या मैच की समाप्ति तक खेल मैदान में प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ संघर्ष के लिए बने रहने की क्षमता नहीं है तो फिर उसका वह मैच या टाइटिल जीतना मुश्किल हो जाता है। आमतौर पर स्थानीय स्तर के मुकाबले से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैच में कोई भी खिलाड़ी पराजित होना नहीं चाहता यही कारण है वह अपने अंदर की स्टेमिना को बढ़ाने के लिए ऐसी दवाई का प्रयोग करते हैं जिसे खिलाड़ियों के लिए प्रतिबंधित किया गया है। खेल जगत में ऐसी दवाई के सेवन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने की प्रावधान किया गया है। हाल ही में टेनिस खिलाड़ी आस्ट्रेलिया के पुरुष वर्ग में युगल खेलने वाले मेक्स पर्सेल प्रतिबंधित दवा के सेवन में जांच पर दोषी पाये गय हैं। पर्सेल पर लगे आरोप का जवाब देते हुए पर्सेल ने प्रतिबंधित दवा के सेवन को स्वीकार कया। पर्सेल ने माना कि उन्होंने विश्व डोपिंग एजेंसी (वाडा) के नियम को तोड़ा है। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने बताया कि उन्होंने जो विटमिन पी थी वह 100 मिलीलीटर से अधिक थी जो कि वाडा के गाईड लाईन से ज्यादा है। सच्चाई के उजागर होने के पश्चात मैक्स पर्सेल की सदस्यता को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया। इस तरह 2024 के गुजरते हुए डोपिंग का प्रकरण सामने आना दुर्भाग्य की बात है। प्रत्येक खिलाड़ी/खेल से जुड़े व्यक्तियों को को यह बात गांठ बांध लेनी चाहिए कि वह खेलकूद में किसी मुकाबले की सच्चाई हार या जीत होती है। व्यक्ति विशेष के या किसी टीम के विजय होने से भले ही टूर्नामेंट समाप्त हो जाता है लेकिन वास्तविक सफलता खेल भावना की होती है। आश्चर्य की बात है कि 2024 में डोपिंग के तीन प्रमुख प्रकरण प्रकाश में टेनिस से आये हैं। दो अन्य प्रकरणों में एक विश्व नंबर एक पुरुष खिलाड़ी जेनिक सिनर और विश्व में दूसरे क्रम की महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्टिवेक से संबंधित है। इस तरह टेनिस में प्रतिबंधित दवा के प्रयोग का सामने आना अत्यंत कष्टप्रद है। विश्व में प्रथम वरीयता प्राप्त पुरुष और द्वितीय वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी द्वारा डोपिंग में फसना इस बात का प्रमाण है कि टेनिस एक ऐसा खेल है जिसमें दूसरे खेल के मुकाबले कहीं अधिक धन अर्जित किया जा सकता है। पर्सेल ने 2022 में विंबल्डन तथा 2024 में यूएस ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता है। टेनिस के खिलाड़ियों की इस हरकत से खेल भावना का गहरा ठेस लगा है। 2021 में भारत के 82 खिलाड़ी भी डोपिंग के प्रकरण में फंसे हैं। 17 खिलाड़ियों पर प्रतिबंधित दवा लेने की जांच जारी है तथा भारत के 18 वर्ष से कम उम्र के 28 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिबंधित दवा लेने का आरोप है। उपरोक्त प्रकरण डोपिंग नियम 2021 के अनुसार दर्ज किए गए हैं। अतः स्पष्ट है कि भारत में भी प्रतिबंधित दवा के इस्तेमाल का फैशन चल रहा है। इसी वजह स्पर्धा में टाइटिल जीतने पर खिलाड़ियों के लिए घोषित किए जा रहे इनाम की भूमिका सबसे महत्वूर्ण है। खिलाड़ियों को प्रतिबंधित दवा लेने के प्रकरण में स्पष्ट रूप से उनके प्रशिक्षक और खान-पान विशेषज्ञ की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। इन दोनों को पता रहता है कि उसके प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ी की वास्तविक क्षमता क्या है? अतः प्रतिबंधित दवा प्रकरण में इन दोनों पर भी कार्यवाही की जानी चाहिए। भविष्य में खेलकूद के साफ सुथरे परिणाम के लिए प्रतिबंधित दवा के सेवन करने वालों पर कड़ी सजा का प्रावधान करना चाहिए साथ ही साथ शाला व महाविद्यालय स्तर के पाठ्यक्रम में इस विषय पर अध्ययन सामग्री का समावेश होना जरूरी है ताकि कम उम्र से ही बच्चों को इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि प्रतिबंधित दवा के इस्तेमाल से सबसे बड़ी हानि खेलभावना की होती है।

### एलएसी के पास 14300 फीट की ऊंचाई पर सेना ने लगाई छत्रपति शिवाजी की मूर्ति

**नई दिल्ली,29 दिसंबर।** भारतीय सेना ने 14,300 फीट की ऊंचाई पर स्थित पैंगोंग झील के किनारे मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी की एक मूर्ति स्थापित की है। यह जगह पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में चीन के साथ लगने वाली वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकट है। सेना के लेह स्थित 14 कोर ने कहा कि इस मूर्ति का उद्घाटन भारतीय शासक की अडिग भावना को मनाने के लिए किया गया है। जिनकी धरोहर आज भी प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है। इस मूर्ति का गुरुवार को 14 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला द्वारा अनावरण किया गया। यह फायर एंड फ्यूरी कोर के नाम से प्रसिद्ध है।

## एक नजर

### युवाओं का शराब पीना चिंताजनक , नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहने की विनम्र अपील की

**कवर्धा 29 दिसंबर।** कबीरधाम जिले में नशा मुक्त अभियान पर तरुण छत्तीसगढ़ ने जिला पंचायत

अध्यक्ष सुशीला भट्ट , जिला बीजेपी उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आशा श्याम तंबोली , पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी , सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी लालाराम चंद्रवंशी से चर्चा की तो इन सभी ने कहा की युवाओं में शराब ज्यादा पीना ओर गुटखा खाना चिंता की बात है और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है इसलिये नशा जैसी कुरीतियो से दूर रहने की अपील करते है ।

### सूने मकान मकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई 29 दिसंबर।** जामुल थाना क्षेत्र के कुरूद स्थित एक सूने मकान मकान का चोरी करने वाला कोई और नहीं उसका ही दोस्त निकला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया 27 दिसंबर को प्रार्थी शांति लाल साहू निवासी नवीन चौक भाठापारा कुरूद ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात चोर घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर व अन्य सामाग्री चोरी कर ले गया है प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना जामुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान प्रार्थी के घर के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगाला गया इसी दौरान प्रार्थी के बेटे का दोस्त विरेन्द्र सेन के रूप में आरोपी का पहचान हुआ। विरेन्द्र सेन से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए प्रार्थी के घर में चोरी करना बताया आरोपी के कब्जे से साने चांदी के जेवरात व अन्य सामान कीमती 48000 रूपये को बरामद किया गया।

### दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**भिलाई 29 दिसंबर।** सुपेला थाना क्षेत्र निवासी एक तलाकशुदा महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपित 26 वर्षीय दिलीप चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उसके खिलाफ दुष्कर्म की धारा के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम खैदेही साधु चौक थाना कटिया बाजार जिला गोपालगंज बिहार निवासी आरोपित वर्तमान में सुपेला के नूर मस्जिद के पास किराये पर रहता है आरोपित ने पीड़िता को शादी झांसा दिया और चार जुलाई 2020 से लेकर अब तक उसका दैहिक शोषण किया इसके बाद शादी करने से इन्कार कर दिया पीड़िता ने सुपेला थाना में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### भिलाई इस्पात संयंत्र में हिंदी कार्यशाला आयोजित

**भिलाई, 29 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त एवं लेखा विभाग के सभागार में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डॉ. अशोक कुमार पंडा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सबको हिंदी में समस्त कार्यालयीन कार्य करना ही है, इसके लिए पत्राचार एवं नोटिंग आदि में हिंदी के छोटे-छोटे वाक्यों का प्रयोग करके शुरुआत अवश्य करें। सहायक महाप्रबंधक एवं विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी सुश्री स्मिता जैन ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## निधन

### छन्नू लाल चंद्राकर

**उतई।** ग्राम मचांदूर निवासी दाऊ छन्नू लाल

चंद्राकर उम्र 85 वर्ष की निधन हो गया, यह दाऊ चंद्रिका प्रसाद एवम चंद्रशेखर चंद्राकर के पिता थे व रामकृष्ण चंद्राकर के ससुर थे इसके निधन पर सीता राम यादव, सोनल चंद्राकर थानसिंह मंडावी ने शोक व्यक्त किया।

# चाइनीज मांझा बेचने-खरीदने पर एक लाख का जुर्माना और पांच साल की होगी जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शनिवार को चाइनीज मांजा बेचने वालों पर कार्रवाई की गई। सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी भिलाई में धड़ल्ले से चाइनीज मांजा बेचा जा रहा था। एक दिन सुपेला में एक युवक इसकी चपेट में आने से घायल हो गया। इसके बाद भिलाई निगम ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई की और चाइनीज मांझा बेचने वालों से जुर्माना वसूल किया गया। ज्ञातव्य हो कि छत्तीसगढ़ सरकार ने पक्षियों, इंसानो और पर्यावरण की सुरक्षा को देखते हुए चाइनीज मांझे की खरीद और बिक्री पर रोक लगा दी है। इस आदेश के उल्लंघन पर 5 साल की जेल, एक लाख जुर्माना या फिर दोनों सजा हो सकती है। छत्तीसगढ़ के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने चीनी धागों की खरीद और बिक्री के मद्देनजर अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित कर इसे दंडनीय अपराध करार दिया है। इसके मद्देनजर राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धाराओं का उपयोग करते हुए इसकी खरीद, बिक्री, उत्पादन, भण्डारण, आपूर्ति और उपयोग पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। जिला

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों को नायलॉन चाइनीज मांझा बेचने वालों पर कार्रवाई के लिए आदेशित किया। इसी कड़ी में शनिवार को निगम भिलाई क्षेत्र में पतंग विक्रेताओं के यहां दबिश दी गई। कुछ व्यापारी नायलॉन चाइनीज मांझा बेचते हुए पाए गए। जिसमें जोन क्रमांक 1 के वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12, 17, के फरीद पतंग फैक्ट्री, सुलझमी जनरल स्टोर, जोन क्रमांक 3, पावर हाउस पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में मोहम्मद हसन, ताज पतंग सेंटर, चैलेंज पतंग दुकान, जोन क्रमांक 2 राम रामनगर में सुरेश किराना स्टोर में नायलॉन एवं चीनी मांझा, इंडस्ट्रियल धागा पाया गया। इन दुकानों पर कार्रवाई करते हुए 9800 अर्थदंड वसूला गया। बेचने वाली प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई। संबंधित दुकानदार को चेतावनी दी गई दोबारा अगर नायलॉन चाइनीज मांझा बेचते हुए पाए गए, तो गुमास्ता लाइसेंस कैंसल कर दुकान सील कर दी जाएगी। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने नागरिकों से अपील की है कि चाइनीज मांझा, इंडस्ट्रियल धागा का उपयोग पतंग उड़ाने में ना करें। इससे बड़ी दुर्घटना हो जाती है । पता नहीं चलता, चलते चलते कब गले में फंस जाता है। इंसान गंभीर रूप में घायल हो जाता है। यह किसी के साथ भी हो सकता है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में वृहद रूप से कार्रवाई की जा रही है।

# सुनसान इलाकों में सरप्राइज चेकिंग,पुलिस विभाग की संदिग्धों ओर असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 29 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशन में कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रात्रि में कोतवाली पुलिस और डीआरजी की टीम ने घुघरी रोड स्थित अटल आवास और शहर के अन्य सुनसान इलाकों में सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध वाहन पुलिस को देख भागने का प्रयास करते हुए पकड़ा गया। उसकी जांच करने पर यह पाया गया कि वह शराब के नशे में वाहन चला रहा था। पुलिस ने उसे मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत गिरफ्तार किया और माननीय न्यायालय में इस्तगासा पेश किया। माननीय न्यायालय ने आरोपी पर ?10,000 का जुर्माना लगाया। चालक का नाम अब्बास खान पिता अयूब खान, उम्र 22 साल ग्राम बंधटोला, थाना बोड़ला ।इस विशेष अभियान का सकारात्मक प्रभाव अब शहर में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पुलिस की कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई के चलते देर रात तक खुली दुकानें, पान ठेले, होटल आदि अब समय

पर बंद हो रहे हैं। इसके साथ ही, रात के समय अनावश्यक रूप से घूमने वाले लोगों की संख्या में भी उल्लेखनीय कमी आई है। चेकिंग अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ सिंह चौहान,थाना प्रभारी लालजी सिन्हा और थाना कोतवाली तथा डीआरजी टीम के जवानों द्वारा चलाया जा रहा है। पुलिस टीम ने अटल आवास परिसर और आसपास के इलाकों में गश्त करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि यह अभियान असामाजिक तत्वों पर रोक लगाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। नियमित गश्त और चेकिंग से शहर में अपराधों में कमी आई है। उन्होंने बताया कि कबीरधाम पुलिस जिले को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस द्वारा देर रात तक खुले दुकानों को बंद कराने और संदिग्धों पर कड़ी कार्रवाई के कारण शहर में शांति और व्यवस्था स्थापित हो रही है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने इस अभियान की सराहना करते हुए इसे सकारात्मक कदम बताया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि शहर में अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण किया जा सके और कानून का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जा सके।

# कोक ओवन विभाग में नई चेतना कार्यक्रम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में कार्यरत महिला ठेका श्रमिकों के लिए नई चेतना कार्यक्रम का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एस राय चौधरी तथा श्री झगर सिंग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कंसल्टेंट सुश्री शुभश्री प्रशान्त ने अच्छे स्वास्थ्य के लिए शारीरिक गतिविधियों एवं संतुलित आहार के महत्व पर जोर दिया। उप प्रबंधक सुश्री शालिनी चौरसिया ने यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के अनुसार महिलाओं को कार्यस्थल पर निर्भय होकर कार्य करने के सम्बन्ध में विशेष चर्चा की। आर के मौर्या ने महिला ठेका श्रमिकों को न्यूनतम वेतन, एडब्लूए, ई.एस.आई., पी.एफ. के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संचालन उप प्रबंधक विजय कुमार ने तथा अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी प्रवीण शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ की बैठक में हुई संगठनात्मक चर्चा

**भिलाई, 29 दिसंबर।** स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ शाखा नगर पालिक निगम भिलाई की बैठक में आगामी वर्ष में संघ की सदस्यता, संगठन का विस्तार तथा संगठनात्मक चर्चा किया गया। कर्मचारी संघ के प्रवक्ता नवीन कुमार साहू ने बताया कि स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ की आवश्यक बैठक सुपेला संघ कार्यालय में आहूत किया गया जिसमें आगामी नये साल में अधिकारी कर्मचारी हितार्थ कार्य को पूरा ऊर्जा के साथ करने का संकल्प लिया. संघ की सदस्यता का अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया और सभी कर्मचारियों के साथ मिलकर

काम हर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में नवीन कुमार साहू ने प्रदेश महामंत्री शरद दुबे को कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी पदाधिकारियों ने समर्थन किया और अध्यक्ष शशिभूषण मोहंती, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रीता चतुर्वेदी ने अनुमोदन कर स्वागत किया गया। इसके साथ विश्वजीत सेन गुप्ता, सीताराम यादव, देवराज सिंह राजपूत,बालकृष्ण नायडू को विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया। बैठक में अध्यक्ष शशिभूषण मोहंती, श्रीमती रीता चतुर्वेदी,शरद दुबे, महेश वर्मा, संजीव तिवारी, हेमंत मांझी, विरेन्द्र बंजारे, हेमचंद बंजारे, संतोष पाण्डे, युवराज साहू,लोकेश बया, श्रीमती रंभा बंजारे,ऐमन वर्मा उपस्थित रहे थे।

# स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट से जगमगाएगा इंदौरी नगर पंचायत

■ पंडरिया विधायक भावना ने दी विकास की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा 29 दिसंबर।** पंडरिया विधानसभा के नगर पंचायत इंदौरी में अधोसंरचना विकास के लिए आज नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 1 करोड़ 78 लाख 70 हजार रुपए के विभिन्न कार्यों की स्वीकृति मिली है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा के लगातार प्रयासों से क्षेत्रवासियों को मूलभूत सुविधाओं से लेकर सौन्दर्यीकरण, सड़क निर्माण, पुल-पुलिया व चौक-चौराहों के निर्माण जैसे विकास कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिल रही है। आज नगर पंचायत इंदौरी में भी सीसी रोड, चौक निर्माण एवं हाई मास्ट व स्ट्रीट लाइट जैसे विकास कार्यों के लिए करोड़ों की सौगात मिली है वहीं नगर पंचायत पांडातराई हेतु 34 लाख 4 हजार एवं नगर पालिका परिषद् पंडरिया हेतु 49 लाख 37 हजार रुपए की लागत से अधोसंरचना विकास हेतु स्वीकृति मिली है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण के कार्य हेतु लगातार स्वीकृति मिलने से

क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। इन विकास कार्यों से जहाँ जनता को लाभ मिल रहा है तो वहीं अधोसंरचना विकास के कार्यों से जनता की सुरक्षा,सुविधा एवं मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति भी हो रही है। आज नगर पंचायत इंदौरी में भी नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के तहत 1 करोड़ 78 लाख 70 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके तहत सीसी रोड निर्माण, चौक-चौराहों का निर्माण सहित क्षेत्र के प्रमुख स्थानों व सड़को में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हेतु हाई मास्ट व स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य किया जाएगा। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, सौन्दर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रतिबद्धता के साथ एवं पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ भाजपा सरकार द्वारा विकास कार्यों की सौगात जनता को मिल रही है, जिसके लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करती हूँ। भावना बोहरा ने बताया कि नगर पंचायत इंदौरी के साथ ही नगर पंचायत पांडातराई में भी अधोसंरचना विकास के कार्य तेजी से छाल रहें हैं। नगर पंचायत पांडातराई हेतु अधोसंरचना मद के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत 1 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि में पूर्व में 1 करोड़ 11 लाख 9 हजार रुपए की लागत से होने वाले कार्यों की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है और आज सोलर हाई मास्ट लाईट, शेड निर्माण व अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु कुल 6 कार्यों के लिए 34 लाख 4 हजार रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह नगर पालिका परिषद् पंडरिया हेतु अधोसंरचना मद के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत 3 करोड़ रुपए की अनुदान राशि में से 2 करोड़ 35 लाख 63 हजार रुपए की स्वीकृति पूर्व में प्रदान की जा चुकी थी और आज आहता निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, सांस्कृतिक मंच जैसे 6 विकास कार्यों के लिए 49 लाख 37 हजार रुपए की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से एक वर्ष में ही पंडरिया विधानसभा एवं पूरे प्रदेश ने अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की है।

# हर क्षेत्र में बेटियां हैं आगे:विजय बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 दिसंबर।** ओशो पब्लिक स्कूल वार्षिक उत्सव कार्यक्रम सुपेला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा विशिष्ट अतिथि भोज राज सिन्हा पार्षद विजय बघेल का स्वागत पौधा भेंट कर अध्यक्ष रमाकांत तिवारी, मीनाक्षी तिवारी, रुपाली मैडम ने किया। सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि ओशो पब्लिक स्कूल सन् 1994 में इसकी शुरुआत हुई थी। आज से 30 साल पहले 30 बच्चों से। आज 300 के आसपास बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है। मैं जब भी किसी ऐसे कार्यक्रम में जाता हूं तो मुझे मेरा बचपन याद आता है। इतनी छोटी छोटी बच्चियों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। बेटी बोझ नहीं होती अपने मां बाप का साहारा होती है। उसे सहारा बनायें। बेटियां

कभी बोझ नहीं होती। दो कुल को जोड़ती हैं। स्वाभाविक रूप से आज बेटियों की संख्या हर क्षेत्र में आगे है। चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो या किसी भी क्षेत्र में लड़कों से बहुत आगे हैं। जब भी मैं किसी कार्यक्रम में जाता हूं तो बेटियां कहीं साठ प्रतिशत से अस्सी प्रतिशत होती हैं लड़के पीछे रह जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभियान चलाया था बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ उसी का प्रतिफल है कि बेटी हर चीज में आगे है। चाहे युद्ध के मैदान में हो या चाहे एरोप्लेन चलाने में या चांद पर जाने की बात हो हर क्षेत्र में बेटियां ही बेटियां नजर आती हैं। मैं जब भी दिल्ली जाऊंगा तो मोदी जी से बात करूंगा कि बेटा पढाओ अब अभियान चलाना चाहिए हम जब हम छोटे थे तो लडकीयां बहुत कम भाग लेती थी हम को ही वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में लड़की बनकर कार्यक्रम में जाते थे इस अवसर पर धनेश्वर चौहान आशा पुनलल सुरीत राम गोयल धनेश्वरी चौहान पालक गण सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### प्रधानमंत्री ने मन की बात में बस्तर ओलंपिक को सराहा

**कवर्धा 29 दिसंबर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम को आज अपने निवास कार्यालय में बैठकर सुने। मन की बात कार्यक्रम में बस्तर ओलंपिक की प्रशंसा को प्रदेश के लिए एक गौरवशाली क्षण बताया। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल एक खेल आयोजन नहीं बल्कि बस्तर के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी द्वारा बस्तर ओलंपिक का उल्लेख करना न केवल हमारे युवाओं के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बस्तर ओलंपिक के आयोजनकर्ताओं, खिलाड़ियों और बस्तर के सभी नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन ने बस्तर को राष्ट्रीय पटल पर एक नई पहचान दिलाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में बस्तर ओलंपिक का उल्लेख करते हुए इसे क्षेत्रीय विकास और युवाओं की ऊर्जा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक खेल महाकुंभ नहीं, बल्कि बस्तर में एक नई सामाजिक और सांस्कृतिक क्रांति का प्रतीक है।प्रधानमंत्री ने कहा कि बस्तर ओलंपिक ने उस क्षेत्र में एक नई उम्मीद जगाई है, जो कभी माओवादी हिंसा का गवाह था। इस आयोजन का शुभंकर ÷वन भैंसा÷ और ÷पहाड़ी मैना÷ बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। आयोजन का मुख्य संदेश है खेलेगा बस्तर, जीतेगा बस्तर÷।प्रधानमंत्री ने इस आयोजन में शामिल खिलाड़ियों की प्रेरणादायक कहानियों का भी उल्लेख किया और इसे बस्तर के विकास और युवाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक केवल खेलों को बढ़ावा देने का मंच नहीं है, बल्कि यह युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान कर रहा है।

### उपद्रव के मामले में दो गिरफ्तार

**भिलाई 29 दिसंबर।** जामुल थाना क्षेत्र के छह साल पहले ढौर चौक के पास हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत के बाद उपद्रव करने वाले आरोपितों में से दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है प्रदर्शन की आड़ में उपद्रवियों ने पांच हाईवा में आग लगाई थी और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों में तोड़?फोड़ कर पुलिस कर्मियों पर पथराव किया था जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि घटना 12 जुलाई 20219 को हुई थी। ढौर चौक पर रात में 8ः45 बजे नंदिनी रोड ढौर चौक जामुल के पास हुए सड़क दुर्घटना में ढौर के एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी ग्रामीणों द्वारा आने-जाने वाले वाहनों को रोककर सड़कजाम किया था। लंबे समय तक जाम करने के बाद आरोपितों ने काफी उपद्रव मचाया था इस घटना में शामिल दो आरोपित सतनामी मोहल्ला ग्राम ढौर निवासी आरोपित 38 वर्षीय जागेश्वर उर्फ गोलू चंद्रवंशी और ग्राम ढौर निवासी 33 वर्षीय अमित कुमार बंजारे को गिरफ्तार किया है वहीं अन्य आरोपितों की पहचान की जा रही है जामुल थाने पुलिस ने दावा किया है कि इस कांड में शामिल अन्य आरोपितों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ बलवा, शासकीय कार्य में बाधा, शासकीय संपत्ति के तोड़फोड़, आगजनी और शासकीय सेवकों से मारपीट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

### बार एवं रॉड मिल विभाग के कर्मचारी हुए शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई, 29 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल्स जोन-1 के अंतर्गत बार एवं रॉड मिल पाली शिरोमणि एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बीआरएम विभाग से प्रबंधक श्रीमती श्रुति मेनन और उप प्रबंधक राजेश कुमार साहू को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जूनियर इंजीनियर ठाकुर ऋषिकेश सिंह, इंजीनियरिंग असोसिएट शिव कुमार और इंजीनियरिंग असोसिएट खोरबहरा राम को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### गर्दन पर चाकू टिकाने वाले बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 29 दिसंबर।** 28 दिसंबर को प्रार्थी गुलशन देवांगन पिता स्व0 सोहन देवांगन उम्र 22 वर्ष साकिन मानव मंदिर चैक संजू मोबाईल के सामने राजनांदगांव का थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि कल दिनांक 27.12.2024 को रात्रि मानव मंदिर चैक संजू मोबाईल के सामने राजनांदगांव में आरोपी चितेश उपाध्याय निवासी जमातपारा राजनांदगांव द्वारा बिना कारण के मां बहन की गदी-गंदी अश्लील गाली गलौच कर रहा था, जिसे गाली गलौच करने से मना करने पर जान से मारने की धमकी देकर बटनदार चाकु को निकाल कर इसके गर्दन में टिकाने लगा बाहर खड़े लोग पकड़ने की कोशिश किया जो वहां से भाग जाना बताया। कि रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अप0क्र0 782/24 धारा 296, 351 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ के नेतृत्व मे आरोपी के पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित कर मुखबिर की सूचना पर आरोपी चितेश उपाध्याय पिता दीपक उपाध्याय उम्र 24 वर्ष साकिन गुरूद्वारा के पीछे जमातपारा राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को घेराबंदी कर पकड़े। पूछताछ पर अपना जुर्म कबूल किया, आरोपी के कब्जे एक नग काले रंग का बटनदार धारदार चाकु जप्त कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट समाहित किया जाकर आज दिनांक 28.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

### रेल यातायात ठप, रेलयात्री हलाकान

**डोंगरगढ़ 29 दिसंबर।** दर्रेकसा सालेकसा के बीच में अप दिशा की लाईन पर दो रेलगाड़ी के पिंटो टूट जाने के कारण अप लाईन की रेल यातायात कई घंटो तक ठप्प पड़ गया था जिसके कारण रेल यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. यह घटना सुबह लगभग 9.15 बजे का बताया गया है जिसके कारण एक्स्प्रेस ट्रेन से लेकर पैसेंजर ट्रेन बीच सेक्शन में लगभग 4 घंटे से अधिक रेल यात्री सेक्शन में फंसे रहे जिसके कारण रेल यात्रियों को मूलभूत सुविधा से वंचित रहना पड़ा. ज्ञात हो कि दुर्ग दर्रेकसा के बीच तीसरी रेल लाईन बन जाने के बाद से 2 किमी. के अंतराल में रेलगाड़ी का परिचालन किया जा रहा है. अप लाईन में दो ट्रेनों का पिंटो टूट जाने के कारण कई प्रमुख ट्रेने दरभंगा एक्स्प्रेस, गोंडवाना एक्स्प्रेस डोंगरगढ़ के स्टेशन में खड़ी थी तो अन्य ट्रेनों को बीच सेक्शन में तथा कुछ ट्रेनों को राजनांदगांव स्टेशन में खड़ा कर दिया गया था जिसके कारण दुर्ग, राजनाँदगांव डोंगरगढ़ के बीच रेल यातायात से प्रतिदिन सफर करने वाले कर्मचारी अपने समय से कार्यालय नहीं पहुँच पाए जिसके कारण कार्यालयों में कार्य ठप्प रहा और हितग्राही अधिकारी कर्मचारी के इंतजार में भटकते रहे. प्रमुख रूप से जनपद पंचायत डोंगरगढ़, मंडी, तहसील कार्यालय में कार्य प्रभावित रहा तो दूसरी ओर ट्रेन में फंसे रेल यात्री से लेकर परिजनो में आक्रोश देखा गया. इसको लेकर मुख्य स्टेशन प्रबंधक गुरुचरण सिंग शेट्ठी से चर्चा करने पर घटना की पुष्टि करते बताया गया कि दर्रेकसा सालेकसा के बीच दो ट्रेनों की पिंटो एवं ओएचई वायर को क्षति पहुँचा था जिसके कारण रेल यातायत प्रभावित था. युध्द स्तर पर कार्य कर दोपहर 1.45 बजे रेल यातायात बहाल कर दिया गया.

## निधन

### भागवत दास साहू

**राजनांदगांव 29 दिसंबर।** नया ढाबा निवासी श्री भागवत दास साहू सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक 78 वर्ष का 28 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया है। वे काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। श्री साहू जी दार्शनिक चिंतक एवं संस्कृत के विद्वान थे। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। आज उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से सुबह 10:00 बजे निकलेगी।

# गुरु भक्ति की एक ऐसी मिसाल,36 वर्ष पहले बिछड़े शिष्य ने ढूंढ लिया अपने गुरु को

- गुरु और शिष्य का अटूट रिश्ता आज भी कायम है
- कवर्धा जैसे शहर में शिष्य ने अपने गुरु को पाकर दोनों हुए भावुक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 29 दिसंबर।** आज से लगभग 36 वर्ष पहले 1987 में शासकीय प्राथमिक शाला कल्लूटोला में शिक्षक के पद पर श्री शिवकुमार सिन्हा पदस्त थे। और लगभग 3 साल पढ़ाने के बाद उनका स्थानांतरण हो गया उसी का पढ़ाया हुआ एक छात्र उद्धव ठाकुर ग्राम कल्लूटोला का रहने वाला है,जो आज हायर सेकेंडरी स्कूल टाटेकसा अम्बागढ़ चौकी मे व्याख्याता के पद पर पदस्थ हैं, और आज 36 बरस पहले प्राथमिक शाला में उनके गुरु श्री शिव कुमार सिन्हा का पढ़ाया हुआ एक-एक बात ,उनके साथ गुजारा हुआ पल आज भी उनको याद है और उनके मन में अपने गुरु के प्रति श्रद्धा भक्ति कूट-कूट कर भरा हुआ है और बार-बार उनसे मिलने के लिए उनका मन करता रहा लेकिन उनके पास ना कोई पता था ना कोई ठिकाना न कोई नम्बर बस इतना ही पता था कि वह कबीरधाम जिले के कवर्धा के निवासी हैं द्य 24 दिसंबर 2024 को अपने गुरु को ढूंढने के लिए परिवार सहित कवर्धा निकल पड़े और कवर्धा में इस गली से उस गली ढूंढते हुए निश्चित ही उनकी श्रद्धा भक्ति और उनके विश्वास ने अपने गुरु को कैलाश नगर कवर्धा में ढूंढ लिया पूरे परिवार के साथ अपने गुरु से मिलकर गुरु और शिष्य दोनों भाव विभोर हो गए, 36 बरस पहले प्राथमिक शाला में पढ़ने वाला बच्चा उस समय उनका उम्र महज 11 वर्ष था कक्षा 5 वी का छात्र था जबकि उस समय बच्चा अपना ठीक से होश नहीं संभाला होता है, लेकिन आज उनकी गुरू भक्ति ने यह सिद्ध कर दिया की गुरु और शिष्य के बीच क्या रिश्ता होता है, गुरु के प्रति सम्मान श्रद्धा भक्ति आज देखने को मिली।

### क्या कहते हैं गुरु और शिष्य

श्री शिव कुमार सिन्हा ने कहा कि उन्होंने मात्र 19 वर्ष की उम्र में शिक्षक के पद पर नियुक्त हुए थे ।अभी भी उनकी नौकरी 4 साल बाकी है। उन्होंने बताया कि कल्लूटोला में जो प्यार स्नेह मिला है, वह प्यार मुझे जीवन में और कहीं नहीं मिला ।यहां की लोगों का स्नेह मैं जीवन भर नहीं भूल पाऊंगा ।गांव के सभी प्रमुख सियान के बारे में विस्तार पूर्वक सब के बारे में पूछे ,साथ ही अपने द्वारा पढ़ाया गया सभी बच्चों के बारे में भी उन्होंने जानकारी लिया।उन्होंने अपने खुद के बच्चों को बताया कि छुरिया क्षेत्र में शिक्षा का उस समय शहरों से भी बेहतर माहौल था ।छात्र और छात्राएं 20 से 25 किलोमीटर साइकिल से छुरिया में पढ़ने आते थे।उद्धव ठाकुर ने पूरे परिवार को साथ लेकर अपने गुरु से मिलने गए थे उनके गुरु सिन्हा सर ने अपने शिष्य को चांदी का सिक्का भेंट किया। गुरु के द्वारा दिया गया उपहार से उद्धव ठाकुर फुला ना समाया वह गदगद हो गया। उद्धव ठाकुर अपने गुरू सिन्हा सर के स्नेह को सभी इष्ट मित्रों व परिवार वालों को साजा करते करते भावनात्मक हो जाता है।

उद्धव ठाकुर ने बताया कि किसी भी सफल इंसान के लिए प्राथमिक स्तर की पढ़ाई सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखता है क्योंकि वही एक ऐसा स्तर होता है जो बच्चों के नींव को मजबूत करता है अर्थात उसकी भविष्य इस पर टिका होता है इसलिए उन्होंने अपने गुरु श्री शिवकुमार सिन्हा सर को अपने भविष्य का निर्माता बताएं आज भी जो भी कुछ भी हूं उन्हीं की कृपा हैद्य उद्धव ठाकुर ने 36साल बाद मिले अपने गुरू और उनकी पत्नि का परिवार सहित चरण पखार कर पूजा अर्चना भी किया।

इससे हमको प्रेरणा मिलती है कि शिक्षक भविष्य का निर्माता होता है, भविष्य का कारीगर होता है जिस रूप में चाहे बच्चों को ढाल सकता है, बस उनको सच्ची लगन के साथ प्राथमिक स्तर की जो पढ़ाई है उसे ईमानदारी से करना चाहिए निश्चित ही हर एक बच्चा अच्छा इंसान बनेगा अपने गांव और देश का नाम रोशन करेगा। निश्चित ही बचपना का जो आदत, आचार, विचार, संस्कार मिला होता है वही जीवन में उतरता है तथा जिंदगी भर काम आता है। जिस इंसान की बचपन संस्कारित होता है वह इंसान बड़ा होकर संस्कारवान बनता हैं। इसलिए हर मां बाप को अपने बच्चों को बचपन में संस्कार देना चाहिए।वेद व्यास जी ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा है कि, जिस प्रकार ज्ञान विज्ञान के बिना मोक्ष नहीं हो सकता, ठीक उसी प्रकार सदगुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती। गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु गुरुर देव महेश्वर- गुरुर साक्षात परम ब्रम्ह श्री गुरुवे नमः।

# आर्थिक उदारीकरण के वास्तुकार थे डॉ.मनमोहन सिंहः कांग्रेस

**राजनांदगांव 29 दिसंबर।** महान अर्थशास्त्री व पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन का 92 वर्ष की उम्र में गुरूवार 26 दिसंबर को शाम को अंतिम सांस ली। पूर्व पीएम के निधन पर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा 28 दिसंबर को कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि पूर्व आरबीआई गर्वनर, महान अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह जी दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में 26 दिसंबर को निधन हो गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के

अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर कांग्रेसजनों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने पूर्व पीएम को श्रद्धासुमन अर्पित कर कहा कि डा.मनमोहन सिंह को संपूर्ण भारतवर्ष की राजनीति में सरलता के प्रतीक माने जाने वाले नेता रहें वहीं मौन होकर कई बड़े-बड़े कार्य किए जिनको लेकर एक बार उनके विरोधी पार्टी के मुख्यमंत्री ने कहा था कि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जैसा होना चाहिए, डा.सिंह राजनीति के अजातशत्रु थे।

# नव वर्ष को लेकर होटल एवं रिसार्ट संचालकों को बैठक में दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 29 दिसंबर।** आज दिनांक 28.12.2024 को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर होटल/रिसार्ट संचालकों का बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी नव वर्ष 2025 के पहले 31 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था पर चर्च की गई। 31 दिसंबर की रात 12:30 से 01:00 बजे के बीच कार्यक्रम बंद करने हेतु दिया गया निर्देश। बिना अनुमति के शराब नही पिलाएंगे । यदि पिलाता है तो आबकारी विभाग से अनुमति या लायसेंस लिया जाये। हुडदंग करने पर कार्यवाही की जायेगी। जो भी गेस्ट आयेंगे उसका रिकार्ड रखने के लिये कहा गया। होटल/रिसॉर्ट में जितनी संख्या सिमित है उतना ही संख्या बुलाया जाये अत्यधिक भीड़ न करे। कार्यक्रम कराने के पूर्व स्थानी शासन से विधिपूर्वक अनुमति लेकर कार्यक्रम करें। होटल/रिसॉर्ट में लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरा को दुरूस्त कर लेवें और जहा सी.सी.टी.व्ही कैमरा नही लगा है वहा आवश्यक रूप से लगावें जिससे अपराधियों में पहचान उजागर होने का भय हो और घटना पश्चात पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने में सहायता मिले। कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार के उल्लघंन होने पर अपने-अपने थाना/चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देवें। बैठक में एडीएम श्रीमती इंदिरा सिंग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, प्रशिक्षु आईपीएस श्री ईशु अग्रवाल, एसडीएम श्री खेमराज वर्मा, न्यायब तहसीलदार श्री राकेश कुमार नागवंशी एवं जिले के होटल/रिसॉर्ट संचालक उपस्थिति थे।

### शिक्षक समस्या निवारण शिविर में 101 आवेदन हुए प्राप्त

**राजनांदगांव 29 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने निर्देशानुसार शिक्षकों के समस्याओं के निराकरण के लिए विकासखंड मुख्यालयों में शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। जिसमें विकासखंड राजनांदगांव से 49, डोंगरगढ़ से 24, डोंगरगांव से 13, छुरिया से 15 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें सेवा पुस्तिका संधारण, पासबुक संधारण, ऑनलाईन पोर्टल में अवकाश संधारण, समयमान वेतनमान एरियर्स, उच्च परीक्षा अनुमति संबंधी 101 आवेदन शामिल थे। विकासखंड राजनांदगांव से प्राप्त 36, डोंगरगढ़ से प्राप्त 9, डोंगरगांव से प्राप्त 4 एवं छुरिया से प्राप्त 5 आवेदनों का विकासखंड स्तर पर कुल 54 प्रकरणों का निराकरण किया गया। निराकरण किया गया। जिला स्तर के आवेदन का निराकरण 7 दिवस के भीतर नियमानुसार जांच कर किया जाएगा तथा 47 आवेदनों को संयुक्त संचालक एवं लोक शिक्षण संचालनालय को निराकरण के लिए प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा।

# रबी में अतिरिक्त आय का साधन है मशरूम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगाँव 29 दिसंबर।** भर्रेगांव में कृषि विद्यार्थियों द्वारा किसानों को पराली खेतों में ना जला उसका उपयोग आयस्टर मशरूम उत्पादन हेतु प्रेरित किया गया। विदित हो कि श्रीराम कृषि महाविद्यालय ठाकुरटोला के चतुर्थ वर्ष के कृषि विद्यार्थियों के द्वारा रावे कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम भर्रेगांव में आयस्टर मशरूम उत्पादन तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। रावे कार्यक्रम अधिकारी व श्रीराम कृषि महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती श?वेता शुक्ला ने किसानों को उक्त प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ की जलवायु में मुख्य रूप से चार प्रकार के मशरूम होते हैं, जिनमें पैरा मशरूम और आयस्टर मशरूम प्रमुख हैं। पैरा मशरूम की खेती के लिए सबसे पहले धान के पैरे का बंडल बनाना

होता है,इसके बाद शेड का निर्माण किया जाता है, जिसे 10 बाय 10 फीट या बड़े कमरे में स्थापित किया जा सकता है। आयस्टर मशरूम के लिए भी धान के पैरे का उपयोग किया जाता है, जिसमें 100 लीटर पानी में , 125 मिली फॉर्मेलिन, 7.5 ग्राम बाविस्टिन पाउडर और लगभग 10 किलो पैरा कुट्टी को उपचारित किया जाता है और 12 घंटे के लिए छोड़ दिया जाता है फिर कुट्टी को इतना सुखाया जाता है कि उसमें नमी की मात्रा रहे लेकिन हाथ से निथारने पर पानी ना निकले। लगभग 22 से 25 दिनों में यह मशरूम तैयार हो जाता है, इससे लगभग 12 से 15 किलो तक मशरूम उत्पादन प्राप्त होता है। उक्त अवसर पर रावे कार्यक्रम समन्वयक दुर्गेश कुमार पटेल ने बताया कि यह पहल न केवल किसानों को आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि रबी मौसम के समय किसानों, भूमिहीन लोगों को अतिरिक्त आय भी प्रदान करेगा,अन्य किसानों को भी बेहतर आजीविका का अवसर मिलेगा व पराली से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को भी रोकेगा जिसका उपयोग बाद में खेतों में खाद के रूप में कर सकते हैं।

## समाचार संक्षेप

### पुतलीकला का राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में महत्व विषय पर कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव 29 दिसंबर।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हैदराबाद में 15 दिवस दिवसीय पुतलीकला का राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में महत्व विषय पर 10 दिसंबर से 24 दिसंबर तक कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के 12 शिक्षकों ने भाग लिया। ओगेश्वर प्रसाद साहू प्राथमिक शाला बसंतपुर जिला राजनांदगांव ने अपने जिला का मान बढ़ाया। पुतलीकला के माध्यम से बच्चों के रचनात्मक क्षमताओं का विकास कैसे करें, बच्चों को भावनात्मक रूप से कैसे जोड़े और संचार विकसित करने में पुतलियां का शिक्षा में क्या महत्व है पर जानकारी दिया गया। विभिन्न प्रांतो से आये शिक्षकों ने अपने-अपने संस्कृति पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जहां एक दूसरे की संस्कृति को जानने समझने का अवसर मिला। कार्यशाला के दौरान ऐतिहासिक धरोहर का भी भ्रमण कराया गया।छत्तीसगढ़ के शिक्षकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जहां पूरा सदन छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया से गूंज उठा7कार्यशाला के अंतिम दिवस में ड्यूटी डायरेक्टर वाय. चंद्रशेखर द्वारा सभी शिक्षकों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर शिक्षक को बधाई एवं शुभकामनाएं अंगेश्वर देशमुख जिला पंचायत सदस्य राजनांदगाव, रोशनी योगेंद्र वैष्णव जनपद सदस्य राजनांदगाव, राजेंद्र साहू सरपंच रानीतराई आलिखूंटा द्वारा दिया गया।

### जिला साहू संघ ने दी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव 29 दिसंबर।** शहर के साहू सदन बसंतपुर में आज भागवत साहू की अध्यक्षता में जिला साहू संघ की जरूरी बैठक सम्पन्न हुई।इस बैठक में विभिन्न विषयों पर समाज

हित में सारगर्भित हुई तथा चर्चा उपरांत सारे निर्णय को सूचिबद्ध कर आगामी बैठक में,आगे की कार्रवाई हेतु अध्यक्ष भागवत साहू को अधिकृत किया गया।प्रारंभ में बैठक की शुरुआत संत शिरोमणी भक्त कर्मा माता जी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माता जी की पूजा अर्चना एवं आरती कर आरंभ किया गया।बैठक में आगामी7 जनवरी को राजिम में आयोजित संत शिरोमणी राजिम माता जयंती महोत्सव में जिलेवार के स्वजातीय बंधुओं को शामिल होने संबंधी रणनीति तैयार की गई इस जिला पदाधिकारी-तहसील-परिक्षेत्र पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया साथ ही परंपरागत रूप से होने वाले राज्य स्तरीय वृहद राजिम माता जयंती महोत्सव में जिला साहू संघ का योगदान देने पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि राजिम माता महोत्सव के लिए प्रत्येक घर से एक किलो चावल देने पर भी निर्णय लिया गया है।बैठक के अंत में देश के आर्थिक उदारीकरण के जनक देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी के निधन पर उन्हें दो मिनट की मौन धारण कर श्रद्दांजलि दी गई तथा देश में उनके द्वारा दिए गए योगदान पर वहां उपास्थित जनों ने अपने उदगार व्यक्त किए।

# हत्या का प्रयास के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 29 दिसंबर।** 27 दिसंबर को प्रार्थियां रीतिका बांसफोड़ पिता राजेश बांसफोड़ उम्र 22 वर्ष साकिन बालाजी चैक डब्ल्यु0आर0एस0 कॉलोनी रायपुर थाना खमतराई जिला रायपुर की थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि नया बस स्टैण्ड राजनांदगांव में स्वीपर मोहल्ला के पास दीपक तिवारी का पान ठेला है, जहां कल दिनांक 26.12.2024 को इसका भाई कृष्णा बांसफोड़ उधारी में गुटखा मांगा जो उधारी में देने से मना करने पर दोनों के बीच बहस हुआ था। कि आज दिनांक 27.12.2024 को 15:00 बजे दीपक तिवारी अपने पान ठेला में ड्रिंक कर रहा था, जिसे इसका भाई कृष्णा बांसफोड़ देखकर हमारे मोहल्ले में ठेला खोलकर ड्रिंक कर रहा है, बोलने पर दीपक तिवारी अपने भाई आशीष तिवारी को बुला लिया और कल हुए बहस को लेकर बांस क डण्डा से मारते हुए घसीटकर सुलभ के पास ले गया, और

जान से मारने की नियत से दीपक तिवारी ने चाकु से इसके भाई कृष्णा के पेट में मारकर प्राणघातक हमला किया, तब इसका भाई मनीष बांसफोड़ छुड़ाया यदि नहीं छुड़ाता तो और चाकु मार कर जान से खत्म कर देते। कृष्णा बांसफोड़ को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेण्ड्री में भर्ती कराना बतायी। कि रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अप0क्र0 780/24 धारा 296, 109, 3 (5) भारतीय न्याय संहिता कायम कर विवेचना में लिया गया। कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ के नेतृत्व मे आरोपियों के पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित कर मुखबिर की सूचना पर आरोपी 01 दीपक तिवारी पिता राम मिलन तिवारी उम्र 35 वर्ष साकिन प्रायमरी स्कूल के पास राम नगर मोतीपुर ओ0पी0 चिखली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) 02 आशीष तिवारी पिता राम मिलन तिवारी उम्र 30 वर्ष साकिन प्रायमरी स्कूल के पास राम नगर मोतीपुर ओ0पी0 चिखली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को घेराबंदी कर पकड़े। पूछताछ में जुर्म स्वीकार कर घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार चाकु एवं बांस का डण्डा तथा एक स्कुटी क्रमांक सी.जी. 08 बी0बी0-6643 को पेश करने पर जप्त किया जाकर दोनों आरोपियों को आज दिनांक 28.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड मे भेजा गया। माननीय न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। प्रकरण के मुख्य आरोपी दीपक तिवारी आदतन अपराधी है, इसके विरूद्व पुलिस चैकी चिखली राजनांदगांव में लड़ाई झगड़ा मारपीट के अपराधिक मामले दर्ज है, तथा प्रतिबंधक धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक संजय बरेठ, उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, प्र0आर0 चालक मिलन साहू, आरक्षक रंजीत चैरसिया, रूपेन्द्र वर्मा, कुश बघेल, भुनेश्वर जायसी एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# जिला भाजपा अध्यक्ष के लिए अब तीन नाम पर हो रहा है मंथन

**राजनांदगांव 29 दिसंबर।** राज्य की सत्ता सीन भाजपा के जिला अध्यक्ष जैसे प्रतिष्ठा पूर्ण पद के लिए प्रदेश आला कमान लगातार मंथन कर रहा है। छन कर आ रही खबरों के मुताबिक शिव वर्मा, कोमल सिंह राजपूत और सौरभ कोठारी अब इन तीन नाम में से किसी एक पर मुहर लगा सकती है। देखा जाए तो इन सभी दावेदार के पास अपने-अपने समर्थकों की कमोवेश बड़ी फौज है। साथ ही यह सभी लंबे समय से राजनीतिक अनुभव रखते हैं। शिव वर्मा - नगर निगम की राजनीति में बहुत पहले से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अपनी शुरुआत बहन कचरा वर्मा के पार्षद रहते की उनके कार्यों में सहयोग करते हुए निगम के राजनीति को समझा और बहुत जल्दी भाजपा की राजनीतिक प्रतिष्ठा हासिल कर ली। श्री वर्मा की प्रतिद्वंदी पार्टी कांग्रेस की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने में प्रखर रहे हैं। उन्होंने राजनीतिक ऊंचाई तब प्राप्त की जब शहर भाजपा के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष बने तत्पश्चात भाजपा के शासनकाल

में निगम अध्यक्ष भी बने। कांग्रेस के शासनकाल में नेता प्रतिपक्ष रहे। आज भी वह वरिष्ठ पार्षद रहते हुए गरीबों के हित में और शहर विकास में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। साथ ही संगठन में सक्रियता का परिचय देते रहे हैं। भाजपा को जीत दिलाने में उनकी बड़ी भागीदारी हर चुनाव में रही है। कोमल सिंह राजपूत - मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय मुख्यमंत्री निवास कैंप में मुख्यमंत्री से संबंधित कार्यों को निपटाने में तथा अभिषेक सिंह के कार्यकाल के समय सांसद के संबंधित कार्यों को निपटाने में तथा प्रदेश भाजपा संगठन में कोमल सिंह राजपूत की विशेष भागीदारी को भुलाया नहीं जा सकता हैं।

## 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में गुस्से से आगबबूला पुष्पा ने बादशाह को जड़ा जोरदार थप्पड़

मुंबई, दिसंबर सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल पुष्पा (करुणा पांडे) की प्रेरक कहानी के साथ लोगों का दिल जीत रहा है, जो एक मजबूत और दृढ़ निश्चयी महिला है। वह चुनौतियों का डटकर सामना करती है। हाल ही में दर्शकों ने पुष्पा को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले परेशान किशोरों को सुधारने का काम करते देखा। उनका मानना है कि प्यार और करुणा युवाओं के जीवन को बदल सकती है। एक घटना में बद्रीनाथ (नयन भटनागर), जिसे स्टेपलर के नाम से भी जाना जाता है, वरुण (आर्या धर्मराज कुमार) का बटुआ चुरा लेता है, जब वह दीप्ति (गरिमा परिहार) से ऑफिस की फाइल लेने चॉल जाता है। हालांकि, पुष्पा को पता चल जाता है और वह बद्रीनाथ को समझाती है कि चोरी करना गलत है, और उसे बेहतर काम करने की ओर ले जाती है। आगामी एपिसोड में बादशाह (हितुल पुजारा) दिलीप के कमरे से एक लाख रुपये चुराने की योजना बनाता है, उम्मीद करता है कि वह पकड़े बिना ऐसा कर लेगा। हालांकि, उसकी योजना एक अप्रत्याशित मोड़ लेती है, जब पुष्पा को पता चल जाता है कि वह क्या करने की सोच रहा है। उसकी हरकतों से परेशान होकर पुष्पा को गुस्सा आ जाता है और वह गुस्से में ही उसे थप्पड़ लगा देती है।

## तेनाली रामा में पंकज बेरी ने चतुर राजगुरु तथाचार्य की भूमिका दोहराई है!

सोनी सब पर हाल ही में शुरू हुआ तेनाली रामा एक रोमांचक नई कहानी के साथ वापस आ गया है। इस शो में चतुर और मजाकिया राजगुरु तथाचार्य की वापसी भी शामिल है, जिसका किरदार प्रतिभाशाली और अनुभवी अभिनेता पंकज बेरी ने निभाया है। यह बहु चर्चित और प्रतिष्ठित किरदार अपनी चतुराई और चालाकी के लिए जाना जाता है और तेनाली (कृष्ण भारद्वाज द्वारा अभिनीत) के साथ अपनी खास लड़ाई में उलझा हुआ दिखाई देता है। राजा कृष्णदेवराय (आदित्य रेडिज) के दरबार में विद्वान और सलाहकार तथाचार्य तेनाली रामा के लिए चुनौतियां खड़ी करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वह विजयनगर लौट रहा है। तेनाली के उस राज्य में वापस लौटने के साथ, जहां से उसे निर्वासित किया गया था, तथाचार्य उसे चकमा देने और राजा कृष्णदेवराय के दरबार में अपना प्रभाव बनाए रखने के लिए पहले से कहीं अधिक दृढ़ संकल्पित है। उनकी प्रतिद्वंद्विता अक्सर मज़ाक का स्रोत होती है, तथाचार्य द्वारा तेनाली को कमज़ोर करने के अथक प्रयासों के कारण अप्रत्याशित परिणाम सामने आते हैं, जिससे उनकी बातचीत मज़ेदार हो जाती है और अप्रत्याशित सौहार्द से भर जाती है।



## अली असगर महिला स्टैंड अप कॉमेडियन की भूमिका निभाएंगे

सोनी सब का 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' अपनी प्रासंगिक कहानी और शानदार कलाकारों के साथ दिल जीत रहा है। यह शो मध्यम वर्गीय वागले परिवार के दैनिक संघर्षों और खुशियों को खूबसूरती से जीवित करता है। रोमांच को और बढ़ाते हुए शो में दमदार कलाकार अली असगर का स्वागत हो रहा है, जो खास तौर पर न्यू ईयर सीक्वेंस के लिए शो में शामिल हुए हैं। अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और बहुमुखी प्रतिभा के लिए पहचान रखने वाले अली असगर के कलाकारों में शामिल होने से साईं दर्शन सोसाइटी में मस्ती और ट्विस्ट की एक अतिरिक्त खुराक आने का वादा किया गया है। अली मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन और राजेश वागले (सुमित राघवन) के बचपन के दोस्त हरीश खन्ना की भूमिका निभाते नजर आएंगे। डक्कू (दीपक पारीक) उत्साहपूर्वक हरीश को सोसाइटी की न्यू ईयर पार्टी में परफॉर्म करने के लिए आमंत्रित करता है। जहां हर कोई रोमांचित है, वहीं राजेश इस खबर को लेकर उतना उत्साहित नहीं दिखता। कहानी तब और उलझ जाती है जब हरीश की कॉमेडी एक अजीब मोड़ लेती है, जिसमें उसका रोस्ट करने वाला अभिनय एक सीमा पार कर जाता है और सोसाइटी के सदस्यों को आहत कर देता है।

## कलाकारों ने वर्ष 2025 के लिए अपने संकल्पों का खुलासा किया

जैसे-जैसे 2025 करीब आ रहा है, सोनी सब के कलाकार अपनी आकांक्षाओं पर विचार कर रहे हैं और नए साल के लिए दिल से संकल्प साझा कर रहे हैं। व्यक्तिगत विकास को प्राथमिकता देने से लेकर नए रचनात्मक उपक्रमों की खोज करने तक अभिनेताओं ने प्रेरक लक्ष्य निर्धारित किए हैं। वागले की दुनिया में अपनी भूमिका के लिए मशहूर परिवा प्रणति, पुष्पा इम्पॉसिबल में अश्विन की भूमिका निभाने वाले नवीन पंडिता और दीप्ति की भूमिका निभाने वाली गरिमा परिहार ने आने वाले साल के लिए अपने विचार साझा किए हैं। ये संकल्प कलाकारों की व्यक्तिगत विकास के प्रति प्रतिबद्धता और स्क्रीन से परे दर्शकों को प्रेरित करने की उनकी इच्छा को दर्शाते हैं, जिससे 2025 सकारात्मकता, विकास और सार्थक संबंधों का साल बन जाता है।

पुष्पा इम्पॉसिबल में दीप्ति का किरदार निभाने वाली गरिमा परिहार ने कहा, ₹जैसे-जैसे 2024 खत्म होने जा रहा है और मैं अपने लिए तय किए गए संकल्पों पर विचार कर रही हूँ, मुझे अहसास हो रहा है कि मैं उन सभी को पूरा नहीं कर सकती, खासकर काम और निजी समय के बीच संतुलन बनाना। मैं अपने संकल्पों को 2025 तक जारी रखने के लिए दृढ़ संकल्पित हूँ।

## साल 2025 का धमाकेदार स्वागत करेंगे सितारे, जानिए उनके खास प्लान्स!

साल 2024 का अंत करीब आ रहा है और इसी के साथ नए साल के जश्न का उत्साह भी बढ़ रहा है। एण्डटीवी के कलाकार अपने-अपने खास अंदाज में 2025 का स्वागत करने को तैयार हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं - नेहा जोशी ('अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी), स्मिता सेबल ('भीमा' की धनिया), योगेश त्रिपाठी ('हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह), और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाभी)। घर पर सुकून भरे जश्न से लेकर खूबसूरत जगहों की सैर तक, एण्डटीवी के सितारे नए साल का स्वागत खुशी और उम्मीदों के साथ करेंगे। नेहा जोशी, जो 'अटल' में कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, ''नए साल का जश्न मैं आमतौर पर अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर पर मनाती हूं। एक बढ़िया डिनर और कराओके नाइट से साल की शुरुआत करना मुझे बेहद पसंद है। लेकिन इस बार मैं प्राकृतिक सौंदर्य के बीच नए साल का स्वागत करने की सोच रही हूं। हाल ही में, मैं 'अटल' की पहली सालगिरह का जश्न मनाने के लिए ग्वालियर गई थी। वहां की ठंडी हवाओं, शहर के आकर्षण और लोगों की जबरदस्त एनर्जी ने मेरा मन मोह लिया।

## क्या तेनाली रामा उसकी असली पहचान बताए बिना उसे रोक पाएगा?

सोनी सब का 'तेनाली रामा' विजयनगर की जीवंत पृष्ठभूमि पर स्थापित महान दरबारी कवि और बुद्धि के स्वामी तेनाली रामा (कृष्ण भारद्वाज) के साहसिक कारनामों को जीवंत करता है। यह शो ज्ञान और हास्य का मिश्रण है, जो तेनाली रामा की व्यक्तिगत और राजनीतिक प्रतिकूलताओं से निपटने के दौरान चुनौतियों को हल करने की यात्रा को दर्शाता है। हाल के एपिसोड में रामा ने विजयनगर लौटने के अपने फैसले की घोषणा की, जबकि शारदा (प्रियंवदा कांत) और अम्मा (निमिषा वखारिया) एक परेशान करने वाले बुरे सपने से परेशान हैं। आगामी एपिसोड में रामा अपनी मृत्यु की झूठी कहानी फैलाकर विजयनगर में जीवित नहीं लौट पाने की शर्त को पूरा करने के लिए एक चतुर योजना बनाता है। जहां गांव वाले उन्हें भावुक विदाई देते हैं, वहीं विजयनगर में रामा का प्रवेश चुनौतियों से भरा होता है। इसमें कौओं का हमला भी शामिल है। इसके साथ ही गिरगिट राज, एक खलनायक जो अपना भेष बदलने की क्षमता रखता है, एक भयावह योजना के साथ राज्य में घुसपैठ करता है।

## किया सिरॉस का वर्ल्ड प्रीमियर

नई दिल्ली, भारत -किया इंडिया ने बहुप्रतीक्षित किया सिरॉस को लॉन्च कर दिया है, जो डिजाइन, टेक्नोलॉजी और स्पेस के मामले में नए मानक स्थापित करने वाली एक क्रांतिकारी एसयूवी है। रेइन्फोर्स्ड K1 प्लेटफॉर्म पर निर्मित, सिरॉस को शहरी ड्राइवरों और तकनीक-प्रेमी एडवेंचर पसंद लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें अत्याधुनिक प्रगति के साथ वर्सेटिलिटी का संयोजन मिलेगा। यह मॉडल सेगमेंट में पहली बार रियर स्लाइडिंग, रिक्लाइनिंग और हवादार सीटों के साथ-साथ कई अन्य बेजोड़ फीचर्स को पेश करता है। इसमें डुअल-पेन पैनोरमिक सनरूफ और 16-ऑटोनॉमस सेफ्टी फीचर्स के साथ लेवल 2 ADAS और 20 रोबस्ट हाई स्टैंडर्ड सेफ्टी पैकेज दिया गया है। सिरॉस का बाहरी हिस्सा किया के ₹ऑपोजिट यूनाइटेड₹ फिलॉसफी का प्रतीक है, जिसमें बोल्ड खूबसूरती का संयोजन कार की फंक्शनल वर्सेटिलिटी से किया जाता है। इसका आकर्षक डिज़ाइन ध्यान आकर्षित करता है, जिसे किया की सिग्नेचर स्टारमैप एलईडी लाइटिंग द्वारा हाइलाइट किया गया है, यह एक दूरदर्शी और सॉफिस्टिकेटेड लुक प्रदान करता है। विशिष्ट किया सिग्नेचर डिजिटल टाइगर फेस इसकी कमांडिंग रोड मौजूदगी को और बढ़ाता है, जबकि आर 17 (43.66 सेमी) क्रिस्टल कट एलॉय के पहिये, स्ट्रीमलाइन डोर हैंडल, किया लोगो प्रोजेक्शन के साथ पडल लैंप और मसकुलर कंटूर्स इस एसयूवी के गतिशील और बेजोड़ आकर्षण को नई ऊंचाई पर ले जाते हैं।

## सबसे चमकदार AMOLED डिस्प्ले वाला M7 Pro 5G और सबसे किफायती C75 5G लॉन्च किया

इंडिया, भारत के सबसे लोकप्रिय और तेजी से बढ़ते कंज़्यूमर टेक ब्रांड पोको ने साल का शानदार समापन करते हुए दो नए स्मार्टफोन पोको M7 Pro 5G और पोको C75 5G लॉन्च किए हैं। इन स्मार्टफोन्स को अपने-अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। ये डिवाइस बेहतरीन डिस्प्ले, दमदार परफॉर्मेंस और किफायती कीमत के साथ स्मार्टफोन के नए मानक तय करते हैं। पोको इंडिया के कंट्री हेड हिमांशु टंडन ने इस मौके पर कहा, "पोको में हमारा लक्ष्य हमेशा ऐसी तकनीक पेश करना है, जो सभी के लिए सुलभ और उपयोगी हो।" उन्होंने बताया कि पोको M7 Pro 5G एक पावरफुल मिड-रेंज स्मार्टफोन है, जिसमें सेगमेंट का सबसे चमकदार AMOLED डिस्प्ले, शानदार ऑडियो क्वालिटी और फ्लैगशिप-ग्रेड कैमरा दिया गया है। वहीं, पोको C75 5G भारत का सबसे किफायती 5G स्मार्टफोन है, जिसमें खासतौर पर सोनी का कैमरा सेंसर लगा है। उन्होंने आगे कहा, इन नए लॉन्च के साथ पोको अपने वादे को दोहराता है कि हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन तकनीक और फीचर्स को सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराते रहेंगे। पोको M7 Pro 5G – एक ऐसा शानदार फोन जो आपका पूरा मनोरंजन करेगा और हर अनुभव को खास बनाएगा।बेहतर और चमकीली तस्वीरें इस फोन में आपको सेगमेंट का सबसे चमकदार AMOLED डिस्प्ले मिलेगा।

## हमारी फिल्म सबसे अलग, रुसलान मुमताज और कर्णिका मंडल ने भी फिल्म से जुड़े अपने अनुभव शेयर किए

हॉरर फिल्मों का दर्शकों के बीच एक अलग ही क्रेज है। साल 2024 की रिलीज फिल्मों पर नजर डाले तो 'मुंजा' 'स्त्री 2' और भूल भुलैया 3 को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नए साल के शुरुआत में एक और हॉरर बॉलीवुड फिल्म 'लव इज़ फॉरएवर' Love is forever रिलीज होने जा रही है। हाल ही में इस फिल्म को लेकर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान फिल्म के लीड एक्टर्स रुसलान मुमताज, कर्णिका मंडल और राहुल डी कुमार ने फिल्म से जुड़े अपने खास अनुभव शेयर किए। फिल्म में खास किरदार निभा रहे एक्टर रुसलान मुमताज ने फिल्म के बारे में बताया कि यह एक एक अलग तरह की लव स्टोरी है। इसमें एक कपल को कोई परेशान कर रहा है। जब भी दोनों कपल साथ होने की कोशिश करते हैं, कुछ हादसे होते रहते हैं, जिससे दोनों डिस्टर्ब हो जाते हैं। वह कौन है, यह पूरी फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। बातचीत के दौरान रुसलान मुमताज ने आगे बताया कि उन्हें हॉरर फिल्म देखने का बहुत शौक है। वह कहते हैं- मैंने अब तक फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाए हैं, इस फिल्म में भी मेरा किरदार काफी अलग है।

## अभिनेत्री जया भट्टाचार्य ने एनिमल लवर्स के साथ मिलकर की न्याय की मांग

टीवी जगत की मशहूर अभिनेत्री और एनिमल एक्टिविस्ट जया भट्टाचार्य जानवरों के प्रति अपने गहरे प्यार और चिंता के लिए भी जानी जाती हैं। जया भट्टाचार्य ने पशु प्रेमियों के साथ मिलकर कुत्ते के बच्चे विजय/टाइगर के लिए न्याय की मांग की है। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पशु के प्रति क्रूरता के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान किया। मुम्बई के कर्मवीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अंधेरी वेस्ट में विजय/टाइगर के साथ किए गए क्रूर और दिल दहला देने वाले अपराध के विरुद्ध एक्शन लेने की मांग को लेकर जया भट्टाचार्य ने मीडिया को संबोधित किया। टाइगर केवल डेढ़ महीने का पिल्ला है, जिसके साथ बार-बार बलात्कार किया गया। यह जघन्य अपराध जानवरों के खिलाफ इस तरह के अपराधों को रोकने के लिए सख्त कानून और तत्काल कार्रवाई की तुरंत जरूरत पर जोर देता है। जया भट्टाचार्य ने कहा कि इस प्रेस मीट का उद्देश्य इस तरह के अपराध की गंभीरता पर ध्यान आकर्षित करना है, विजय/टाइगर के लिए न्याय की मांग करना और जानवरों के खिलाफ होने वाली क्रूरता और दुर्व्यवहार के लिए सख्त सजा की मांग करना है।

## 2024 के अंत से पहले काशिका कपूर ने 3 बॉलीवुड फिल्में साइन की

2024 एक झपकी में गुजर गया। काशिका कपूर वापस मुड़कर देखती हैं कि यह साल उनके लिए कितना शक्तिशाली और आभारी रहा। जेन-ज़ी स्टार के लिए यह साल कुछ खास था, जिसमें नए अनुभव, काम, शूट्स, रिलीज़ और कई व्यक्तिगत मील के पत्थर थे जिन्होंने उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। काशिका, जिन्होंने 2024 में अपनी बड़ी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म ₹आयुषमती गीता मेट्रिक पास₹ से की, अब 2025 में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अपनी नकारात्मक आकर्षण के साथ, उन्हें उम्मीद है कि वह बॉलीवुड की नई पीढ़ी की अभिनेत्री के रूप में अपनी जगह पक्की कर लेंगी। काशिका ने 2024 को अलविदा कहने से पहले 3 बड़ी बॉलीवुड फिल्मों पर हस्ताक्षर किए हैं, अभिनेत्री इस वर्ष और आने वाले वर्ष के लिए आभार और उत्साह व्यक्त करते हुए कहती हैं, ₹मैं इतनी शानदार 2024 के लिए आभारी हूं। मैं अपने प्रशंसकों, परिवार और अद्भुत लोगों से मिले प्यार और समर्थन के लिए सच्चे दिल से आभारी हूं। 2024 मेरा साल रहा, जब मेरी डेब्यू फिल्म

## सिंग्गा ने किया अपना नया गाना हामी भरदे किसी खास को डेडिकेट

पंजाबी म्यूजिक सेंसशन सिंग्गा ने फिर से कमाल कर दिया है! उनके नवीनतम ट्रैक ₹हामी भरदे₹ के रिलीज़ होते ही इसने फैंस को रोमांटिक सफर पर ले जाया और जल्दी ही हर प्लेटफ़ॉर्म पर दिलों में जगह बना ली। गाने की रिलीज़ के बाद, ₹हामी भरदे₹ पहले ही Spotify और YouTube पर धूम मच चुका है। सिंग्गा ने एक दिल से जुड़ा रोमांटिक गाना पेश किया है जो प्रेम, सम्मान और नाजुकता के विषयों के साथ गहरे रूप से जुड़ा है। ₹हामी भरदे₹ के लिरिसिस्ट दीप जस्सल और म्यूजिक प्रोड्यूसर क्रू 47 के साथ मिलकर यह गाना तैयार हुआ है। गाना एक लड़के के बारे में है, जो अपनी प्यारी लड़की की सुंदरता और आकर्षण से मंत्रमुग्ध हो जाता है और एक काव्यात्मक प्रस्ताव के रूप में अपना दिल खोलकर उसे अपनी भावनाएं व्यक्त करता है। अपने शब्दों के जरिए, वह उसकी सुंदरता, दयालुता और उसकी जिंदगी में लाए गए जादू की सराहना करता है, उम्मीद करता है कि वह हां कहे और उसके सपने सच हो जाएं।




## हिमानी शिवपुरी: जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर में शाहरुख खान मेरा मजबूत सहारा बने

दिग्गज अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी को उनकी अभिनय क्षमता और भारतीय सिनेमा एवं टेलीविजन में विविधतापूर्ण भूमिकाओं के लिये जाना जाता है। वह फिलहाल एण्डटीवी के घरेलू कॉमेडी शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में चतुर और प्यारी कटोरी अम्मा के रूप में दर्शकों का दिल जीत रही हैं। इस एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में उन्होंने एन्टरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने चार-दशक लंबे सफर के बारे में बताया, जिसमें व्यक्तिगत दुर्घटनाओं से लेकर कॅरियर में मिली उपलब्धियों तक शामिल है, जो उनकी सहनशीलता और अभिनय के प्रति जुनून को दर्शाती हैं।

**आपने इंडस्ट्री में 40 साल पूरे कर लिये हैं। अपने सफर के बारे में हमें कुछ बतायें।**

मेरा सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है, जो मुझे बहुत सी महत्वपूर्ण बातें सिखाता रहा। मुझे इस इंडस्ट्री के सबसे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करने का सौभाग्य मिला है। हर भूमिका मेरे लिए एक कदम आगे बढ़ने जैसी रही है, और जो प्यार मुझे दर्शकों से मिलता है, वही मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। हालांकि, मेरी सफलता की राह आसान नहीं रही। देहरादून से होने के नाते, मुझे आर्थिक संघर्षों का सामना करना पड़ा और अच्छे रोल्स के लिए सीमित अवसर मिले। कई बार ऐसे पल भी आये, जब मुझे खुद पर संदेह हुआ, लेकिन अभिनय के प्रति मेरी दीवानगी ने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## कशिका कपूर की टॉलीवुड डेब्यू फिल्म "लव यू फादर" का पहला पार्टी एंथम सॉन्ग "पार्टी" हुआ रिलीज

कशिका कपूर, जो अपनी खूबसूरती और आकर्षण के लिए जानी जाती हैं, ने अपने फैंस को सरप्राइज देते हुए टॉलीवुड की दुनिया में कदम रखा है। उनकी डेब्यू फिल्म ₹लव यू फादर₹ के मेकर्स ने इस फिल्म का पार्टी एंथम सॉन्ग ₹पार्टी₹ का लिरिकल वीडियो रिलीज किया है, जो न्यू ईयर सेलिब्रेशन को और खास बना देगा। यह धमाकेदार गाना कशिका कपूर और उनके को-स्टार श्री हर्षा को एनर्जेटिक बीट्स पर डांस करते हुए दिखाता है, जिसमें एक ऐसा हुक स्टेप है जो वायरल होने की पूरी संभावना रखता है। वीडियो में कशिका हरे रंग के फ्लोरल प्रिंट सिल्क घाघरा-चोली में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जो उनके टोन्ड मिडरिफ और आकर्षक व्यक्तित्व को और निखारता है। उनकी खुले बालों की स्टाइल, परफेक्ट मेकअप, और डांस मूव्स ने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है। गाने को धनुजया सीपना ने कंपोज किया है और इसके बोल रहमान ने लिखे हैं। इसे पवन केथराजू ने डायरेक्ट किया है और यह ₹मनीषा आर्ट्स एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड₹ के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है।




## पैसालो डिजिटल लिमिटेड बोर्ड ने प्रिफरेंशियल इश्यू के माध्यम से धन जुटाने की मंजूरी दी

पैसालो डिजिटल लिमिटेड (बीएसईः 532900, एनएसईः PAISALO), भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ पंजीकृत एक समृद्ध सूचीबद्ध गैर-जमा लेने वाली एनबीएफसी, ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने गैर-प्रवर्तक (non-promoter) समूह इकाइयों को वारंट रूप में परिवर्तनीय प्रिफरेंशियल इश्यू के माध्यम से 258.16 करोड़ रुपये तक जुटाने की मंजूरी दी है, जिसकी कीमत प्रति वारंट 58.20 रुपये है। एफपीआई यूनिको ग्लोबल अपॉर्चुनिटीज फंड लिमिटेड और नोवा ग्लोबल अपॉर्चुनिटीज फंड पीसीसी-टचस्टोन प्रस्तावित अलोटियों में शामिल हैं। हाल ही मे इसके बोर्ड ने निजी प्लेसमेंट के माध्यम से 5,00,000 रुपये के अंकित मूल्य के 600 सूचीबद्ध वाणिज्यिक पत्रों (सीपी) के आवंटन को मंजूरी दे दी है, जो कुल मिलाकर 29.20 करोड़ रुपये है। पैसालो डिजिटल लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसने सफलतापूर्वक 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के पहले किश्त में सुरक्षित विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड (FCCB) जारी किए हैं, जो भारत के रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित लागू ईसीबी (ECB) दिशानिर्देशों के अनुसार है। पैसालो डिजिटल लिमिटेड (PDL) ने अपनी पहली विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड (FCCB) सफलतापूर्वक जारी की है, जो कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस इश्यू ने वैश्विक स्थायी आय फंडों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट फंडों से मजबूत सहभागिता देखी, जो कंपनी की विकास प्रक्षेपवक्र में विश्वास को दर्शाता है।

## हाई-वोल्टेज़ ड्रामा सिर्फ एण्डटीवी पर!

एण्डटीवी के 'अटल' में कृष्णा देवी का किरदार अदा कर रहीं नेहा जोशी ने बताया, ''अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में अटल एक बड़ी जंग लड़ने का फैसला करता है। इस फैसले से उसकी जान पर खतरा बढ़ जाता है। इसे समझते हुए भावना, अटल की मां कृष्णा देवी के साथ मिलकर एक खास योजना बनाती है। लेकिन हालात तब और बिगड़ जाते हैं जब अटल को पता चलता है कि उसकी मां कृष्णा देवी गायब हो गई हैं। अब अटल के सामने कई मुश्किलें खड़ी हो जाती हैं, और तनाव बढ़ता ही जा रहा है।'' एण्डटीवी के 'भीमा' में मेवा की भूमिका निभा रहे अमित भारद्वाज ने बताया, ''भीमा का अपमान करने पर उसके द्वारा घायल होने के बाद सुनील बदले की आग में जल रहा है। वह कालिका सिंह से मिलता है, जो उसे मल्लिका से मिलवाता है और उसे आदेश देता है कि वह भीमा को किडनैप करके उसे कोलकाता भेज दे। सुनील किडनैपिंग को आगे बढ़ाता है और भीमा को मल्लिका के पास ले जाता है, जबकि धनिया और परिवार वाले भीमा की तलाश में जुट गये हैं। वह बाद में कैलाशा बुआ के घर पर आते हैं और भीमा को ढूंढने में उसकी मदद मांगते हैं, लेकिन उनके किये-कराये पर पानी फिर जाता है।

## एण्डटीवी के 'भीमा' ने पूरे किये 100 एपिसोड्स!

एण्डटीवी के दिलचस्प सोशल ड्रामा 'भीमा' ने 100 एपिसोड्स का सफर पूरा कर लिया है। इस शो में एक छोटी हिम्मती बच्ची 'भीमा' की कहानी दिखाई गई है, जो सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हुए समान अधिकारों के लिये संघर्ष करती है। अपनी दमदार कहानी के माध्यम से भीमा ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली है। इस अद्भुत सफलता का जश्न मनाने के लिए शो के प्रतिभाशाली कलाकार- तेजस्विनी सिंह (भीमा), अमित भारद्वाज (मेवा), और स्मिता सेबल (धनिया)- ने एक साथ मिलकर अपनी यात्रा को याद किया और दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया। तेजस्विनी सिंह, जो भीमा का मुख्य किरदार निभा रही हैं, कहती हैं, ''भीमा' का किरदार निभाना मेरे लिए एक असाधारण यात्रा रही है। इस भूमिका ने मुझे बहुत कुछ सिखाया और एक कलाकार के रूप में मुझे बेहतर बनाया है। मैं हमारी टीम की बेहद आभारी हूं, जो हर दिन मेरा मार्गदर्शन करती है और मुझे सपोर्ट करती है। इसके साथ ही मैं हमारे अद्भुत दर्शकों की भी आभारी हूं, जिन्होंने भीमा पर इतना प्यार बरसाया।

## दिलीप पटेल को चॉल से बाहर निकालने के लिए बापोदरा ने बादशाह को रिश्वत दी

सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल पुष्पा (करुणा पांडे) की कहानी के साथ लोगों का दिल जीत रहा है। यह एक मजबूत और दृढ़ निश्चयी महिला है जो हर चुनौती का साहस और दृढ़ता से सामना करती है। हाल ही में, बादशाह (हितुल पुजारा) ने पुष्पा के टिफिन डिलीवरी में कॉकरोच डालकर उससे बदला लेने की कोशिश की। हालांकि, जब पुष्पा को इस बात का पता चला, तो उसने उसे माफ कर दिया और पुलिस से उसके खिलाफ कोई कार्रवाई न करने का अनुरोध किया। आने वाले एपिसोड में, दर्शक एक चौंकाने वाला मोड़ देखेंगे क्योंकि यह पता चलता है कि बापोदरा (जयेश भारभाया) ने बादशाह को रिश्वत देकर अराजकता पैदा करने और इसका इस्तेमाल मीडिया को शामिल करके दिलीप पटेल (जयेश मोरे) को चॉल से बेदखल करने के लिए किया था। हालांकि, चीजें तब खतरनाक मोड़ लेती हैं जब दिलीप को बादशाह की संलिप्तता पर शक होता है और वह उसे एक कार में बंद कर देता है, इस बात से अनजान कि बादशाह का अंदर दम घुट रहा है। पुष्पा समय रहते उसकी मदद के लिए आती है और उसकी जान बचाती है। इस बीच किशोर सुधार गृह के सदस्य चॉल में पहुंचते हैं और पुष्पा की बच्चों को संभालने की क्षमता पर सवाल उठाते हैं।

## एंड पिक्चर्स पर देखिए 'खिचड़ी 2' का प्रीमियर!

कहते हैं अंत भला तो सब भला। तो आप भी ढेर सारी हंसी, मस्ती और फैमिली टाइम के साथ साल को विदा करने के लिए तैयार हो जाइए। एंड पिक्चर्स लेकर आ रहा है आपके फेवरेट पारेख परिवार की धमाकेदार वापसी। देखिए 'खिचड़ी 2' का प्रीमियर 29 दिसंबर को शाम 5 बजे, और साल को हंसते-हंसते अलविदा कह। पुरानी यादों और नए मज़ेदार ट्विस्ट का जबर्दस्त कॉम्बो, 'खिचड़ी 2' साल को अलविदा कहने का बेस्ट मौका लेकर आया है। ज़बर्दस्त कॉमेडी से लेकर दिल को छू लेने वाले लम्हों तक, 'खिचड़ी 2' हर पीढ़ी के दिलों तक पहुंचने वाला यादगार सफर है। इस त्यौहार के मौके पर, एंड पिक्चर्स फिर साबित कर रहा है कि मस्ती, जोश और अपनों के साथ का सही मज़ा यहीं मिलता है। फिल्म के प्रोड्यूसर जमनादास मजेठिया कहते हैं, ₹खिचड़ी 2 परिवार और उनके मजबूत रिश्तों का जश्न है। खिचड़ी की दुनिया में वापस जाना मेरे लिए बेहद दिलचस्प और जज़्बाती सफर रहा, जिसने एक बार फिर ढेर सारी यादें और खुशी के पल ताज़ा कर दिए। दर्शकों के पसंदीदा किरदारों को नए और अनोखे मोड़ के साथ पेश करना वाकई शानदार अनुभव था। इस बार, पारेख परिवार देश की हिफाज़त के लिए एक रोमांचक मिशन पर निकलता है, जो उनकी खास कॉमेडी में एक नया रंग भरता है।




## नेहा जोशी और आयुध भानुशाली के बीच हुआ एक ''स्वीट चैलेंज''

जब बेमिसाल मिठाई और अडिग इच्छाशक्ति का आमना-सामना हो, तो क्या होता है? एक मजेदार कहानी बनती है! एण्डटीवी के शो 'अटल' में कृष्णा देवी वाजपेयी का किरदार निभाने वाली नेहा जोशी हाल ही में ग्वालियर दौरे के दौरान एक लड्डू चैलेंज में फंस गईं। फिटनेस और पोर्शन कंट्रोल के प्रति अपने समर्पण के लिए मशहूर, नेहा ने एक ही बार में सात से ज्यादा लड्डू खाकर सबको चौंका दिया! मौका था उनके शो अटल की पहली सालगिरह का, जिसे उन्होंने अपने को-स्टार आयुध भानुशाली (जो शो में नन्हें अटल का किरदार निभाते हैं) के साथ मनाया। ग्वालियर का उनका यह सफर एक यादगार एडवेंचर में बदल गया, खासकर तब, जब उन्होंने स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की इस जन्मस्थली को एक्सप्लोर किया। वो खुद को बहादुरा स्वीट्स जाने से रोक नहीं पाये, जो अपने मशहूर लड्डुओं के लिये जाना जाता है। गौरतलब है कि वाजपेयी जी को भी लड्डू बेहद पसंद थे। देखते ही देखते नेहा और आयुध की यह मिठास भरी दावत एक मजेदार प्रतियोगिता में बदल गई।



# भिलाई मैराथन में गोटुल स्पोर्ट्स अकादमी के बच्चों ने दिखाया दमखम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 29 दिसंबर।** बस्तर संभाग के कांकेर जिले के सुदूर अंचल में हास पेन बंशीलाल नेताम एवं केबीकेएस के द्वारा संचालित गोटुल स्पोर्ट्स अकादमी, ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर भिलाई में आयोजित राज्य स्तरीय रोड रेस में गोटुल स्पोर्ट्स अकादमी के 8 बच्चों ने भाग लिया। इस आयोजन में विधायक आशाराम नेताम का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता में गोटुल स्पोर्ट्स अकादमी के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अंडर-17 वर्ग में लिकेवारी तारम ने 5 किलोमीटर दौड़ में चौथा स्थान हासिल किया। 18. वर्ग में सर्जिना कोरटिया ने 8 किलोमीटर दौड़ में 13वां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पूजा सलाम, संतोषी भास्कर, और चांदनी साहू सहित अकादमी के बच्चों ने कुल 5 मेडल जीतकर अकादमी का गौरव बढ़ाया। गोटुल स्पोर्ट्स अकादमी के इस अद्वितीय प्रदर्शन के पीछे कोच प्रभा राम भगत और भावेश सलाम एवं कृष्ण सोरी का महत्वपूर्ण योगदान है, जो अकादमी का संचालन कर रहे हैं। यह उपलब्धि कांकेर जिले के सुदूर अंचल के बच्चों के सपनों को पंख देने और उन्हें खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ी सफलता है। गोटुल स्पोर्ट्स अकादमी के बच्चों ने यह साबित कर दिया कि सुदूर क्षेत्रों की प्रतिभाएं भी बड़े मंचों पर अपनी जगह बना सकती हैं।

## समाचार संक्षेप

### सुकमा में 3 कांग्रेस नेताओं के यहां ईडी ने छापा मारा

**सुकमा, 29 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस नेताओं के मकानो में ईडी ने मारा छापा। सुकमा में तीन ठिकाने पर छापा पड़ी है। कांग्रेस नेता जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी के मकान में छापा पड़ा है। कांग्रेस नेताओं के घर में पड़ा छापा। नगर पालिका अध्यक्ष, जगन्नाथ साहू के घर ईडी का छापा पड़ा पड़ा। वहीं आर एस एस बी के ठेकेदार के मकान पर भी छापा पड़ा। अभी भी बड़ी संख्या में सीआरपीएफ जवानों की तैनाती किया गया है। आज सुबह ईडी ने मारा छापा, ईडी के द्वारा जांच जारी है। हालांकि पुलिस के द्वारा घर अंदर जाने से मना किया जा रहा है। फिर एक केंद्रीय जांच एजेंसी ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा आखिरकार ईडी के लपेटे में आ ही गए हैं। बस्तर संभाग के सुकमा जिला मुख्यालय पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा समेत तीन बड़े कांग्रेस नेताओं के ठिकानों पर ईडी की छापेमार कार्रवाई चल रही है।

### मोटर वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाए जाने के संबंध में निर्देश जारी

**दन्तेवाड़ा, 29 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला परिवहन कार्यालय से जारी विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 01 मार्च 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना है। छत्तीसगढ़ राज्य के जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को ''जोन-बी'' में रखा गया है। ''जोन-बी'' (दन्तेवाड़ा जिला) के वाहनों पर ''आईआईएसआरपी'' लगाए जाने हेतु ''एम/एस रोजमेटा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड'' को अधिकृत किया गया है। वाहनों पर ''आईआईएसआरपी'' प्लेट लगाने एवं अन्य कार्यवाही हेतु विभागीय वेब साईट cgtransport.gov.in पर लॉग-इन किया जा सकता है। वेंडर द्वारा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह इंस्टालेशन किया जाने हेतु शुल्क आदि का विवरण अनुसार आटोमोबाइल डीलरों द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत मोटरवाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह (आवश्यक तीसरी पंजीकरण प्लेट सहित) प्रत्येक इंस्टालेशन हेतु रूपये 100 अतिरिक्त चार्ज के साथ लगाया जावेगा। सार्वजनिक सूचना जारी होने के उपरांत दिनांक 19 मार्च 2025 तक केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम, नियम में दिए गए नियमानुसार हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य है। नकली एचएसआरपी, समान दिखने वाली प्लेटे, स्मार्ट नंबर प्लेट जैसे होलोग्राम, इंडिया मार्क, इंडिया शिलालेख आदि से लैस सड़क पर चलने वाले वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह में बदलना अनिवार्य होगा। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं होने पर मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1989 में विहित प्रावधान अनुसार कार्यवाही किया जाएगा।

## एक नजर

### त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए आरक्षण कार्यवाही स्थगित

**उत्तर बस्तर/कांकेर, 27 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग रायपुर के निर्देशानुसार जिला अंतर्गत जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत के सरपंच एवं वार्ड पंचों के आरक्षण की कार्यवाही किए जाने हेतु पूर्व में सूचना जारी की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग रायपुर द्वारा पूर्व में जारी समय-सारणी को संशोधित कर नवीन समय-सारणी जारी की गई है। उक्त नवीन समय-सारणी के अनुसार आरक्षण की कार्यवाही की सूचना पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

### साल्हेभाट में 30 से होगा पंचायत स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

**उत्तर बस्तर/कांकेर, 27 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** न्यू स्टार नाईट क्लब साल्हेभाट के द्वारा पंचायत स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का 30 दिसम्बर को शुभांरभ किया जायेगा और समापन 6 जनवरी को होगा। न्यू स्टार नाईट क्लब साल्हेभाट के अध्यक्ष शिशुपाल कोमरे ने चर्चा में बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास से क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न होगी जिसकी पूरी तैयारी समिति द्वारा पूरी कर ली गयी है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 20001 रूपये एवं ट्राफी, द्वितिय पुरस्कार 10001 रूपये एवं ट्राफी और तृतीय पुरस्कार 5001 रूपये एवं ट्राफी साथ ही मेन ऑफ द मेच 501 रूपये रखा गया है। अधिक जानकारी के लिए अध्यक्ष शिशुपाल कोमरे, उपाध्यक्ष गिरीवर साहू, सचिव नरेन्द्र शोरी, सहसचिव जितेन्द्र शोरी मो. 8815365050, कोषाध्यक्ष योगेश कुंजाम से संपर्क किया जा सकता है। समिति के जितेन्द्र शोरी द्वारा अधिक से अधिक टीमों एवं दर्शकों को आने के लिए अपील की गयी है।

### निर्माण श्रमिक के पंजीयन के लिए 31 दिसंबर तक किया जा सकता है पंजीयन

**दंतेवाड़ा, 27 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से आज दिनांक तक ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनके पंजीयन की वैद्यता समाप्त हुये 01 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है, तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आज दिनांक तक आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे निर्माण श्रमिकों 31 दिसंबर 2024 तक नवीनीकरण हेतु ''श्रमेव जयते'' मोबाइल एप्प, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र, विभागीय वेबसाईट, च्वाइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते है तथा 31 दिसंबर 2024 के पश्चात ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा। अधिक जानकारी हेतु मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र 0771-3505050 में संपर्क किया जा सकता है।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# महतारी वंदन योजना के पात्र हितग्राहियों की जांच कर बेहतर क्रियान्वयन करें: कलेक्टर

■ धान के नियमित उठाव के लिए अवकाश के दिनों में भी हमालों की व्यवस्था करने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 29 दिसंबर।** कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि महतारी वंदन योजना के पात्र हितग्राहियों का वास्तविक जांच कर योजना का बेहतर क्रियान्वयन करे। साथ ही योजना के हितग्राहियों की मृत्यु होने पर संबंधित का नाम कटवाने की कार्यवाही कर पंजी संधारित करें। जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान का नियमित उठाव के लिए अवकाश के दिनों में भी हमालों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किए।

कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के लिए की जा रही डाटा का एंट्री कार्य की समीक्षा की और डाटा को ग्राम पंचायतवार जानकारी के आधार पर अपडेट करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अग्रणी बैंक, आदिम जाति कल्याण विभाग, उद्योग, कृषि, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, महिला एवं बाल विकास, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन विभाग दूरसंचार, क्रेडा तथा ऊर्जा विभाग के योजनाओं को सेचुरेशन करने कहा। कलेक्टर ने सातों ब्लॉक के एक-एक गांव को चिंहाकित कर सेचुरेशन के लिए 27 दिसंबर से शिविर आयोजित कर योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने पीएम आवास योजना की प्रगति हेतु प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने और योजना के लंबित निर्माण कार्यो वालों गावों में शिविर कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनपदवार आवास योजना के कार्यों का निरीक्षण हेतु जिला पंचायत के अधिकारियों को फील्ड पर जाने कहा। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यो में ओडीएफप्लस मॉडल ग्रामों के कार्यों की प्रगति, सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य, सेग्रीगेशन शेड, नाडेप टैंक, वर्मी टैंक एवं सोकपिट निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने बैंक लिंकेज प्रोग्रेस की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को बैंक को जाकर ऋण सुविधा को बढ़ाने तथा प्रकरणों के निराकरण में आ रही दिक्कतों को दूर करने के निर्देश दिए। वहीं ऋण सुविधा के प्रकरण में आवश्यक सहयोग नहीं करने वाले बैंकर्स के खिलाफ कार्यवाही किये जाने कहा।

कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों से खाद्यान्न भण्डारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए दिसंबर एवं जनवरी माह के भंडारण समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी की व्यवस्था में बारदाने की उपलब्धता के संबंध में संज्ञान लेते हुए खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव जल्द करवाने कहा। उन्होंने टीओ कटवाने की स्थिति और खरीदी केंद्रों में धान जाम की स्थिति का भी समीक्षा किए। अवकाश के दिनों में भी लोडिंग करवाने हेतु हमालों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडीएस बारदाना संकलन की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी पीडीएस दुकानों में बारदाना की उपलब्धता की जांच पटवारी से करवाकर जानकारी देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड के कार्यो में पशुधन विकास एवं मत्स्यपालन विभाग के द्वारा योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर नाराजगी जाहिर किए। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत नवीन पंजीयन और रबी वर्ष 2024-25 के तहत किसान क्रेडिट कार्ड लक्ष्य पूर्ति पर काम करने निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के योजनाओं की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्ड के निर्माण की प्रगति मे नागरिकों को मोबलाइज करने के निर्देश दिए और आयुष्मान कार्ड धारकों की मृत्यु होने पर कार्ड को निरस्त करवाने की कार्यवाही करने कहा। उन्होने एचआरपी स्टेटस की स्थिति, सिकलसेल रिर्पोट, एनआरसी रिपोर्ट, सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार और टीबी नियंत्रण की स्थिति और स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण के विकास कार्यो की प्रगति की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चिरायु योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में जांच करवानें कहा। इसके अलावा नक्सल प्रभावितों को केंद्र-राज्य की योजनाओं का सेचुरेशन की स्थिति की समीक्षा किए। जल जीवन मिशन के कार्यो की विद्युत कनेक्शन की स्थिति, हर घर जल की कार्यों एवं जल जीवन मिशन फेस-2 में क्रेडा के कार्यो की प्रगति का समीक्षा किए। कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण देने वाले बैचों को एमसीसी से पहले प्रारंभ करने के निर्देश दिए। समय सीमा के प्रकरणों पर चर्चा विभागों को निराकरण करने के निर्देश दिए।

# हल्बा समाज ने कोदागांव में मनाया शक्ति दिवस पर्व, विधायक नेताम ने की शिरकत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 29 दिसम्बर।** 26 दिसंबर को अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा हल्बी समाज ग्राम कोदागाँव मे शक्ति दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मा.ज्ञानू राम भुआर्य द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशाराम नेताम विधायक कांकेर द्वारा समाज को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि आदिवासी हल्बा हल्बी समाज एक सभ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय स्थान बनाये हुए सभी आदिवासी समाज को मार्गदर्शन व सहयोग करने वाली समाज है तथा समाज की विकास के लिए आज के युवाओं से अपील किया गया। हल्बा हल्बी समाज कोदागाँव द्वारा सामाजिक भवन में टिनासेट निर्माण हेतु निवेदन सह ज्ञापन विधायक को सौंपा गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष सीताराम कोटपरिया, पंचु राम नायक, बाबूलाल फ़ंफ़, रमेश भंडारी, एस आर कोरटिया, तुमेश कुमार चिराम एवं समाज के लोग सामाजिक परिधान में उपस्थित होकर सामाजिक कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### शादाब जालियांवाला सदर वार्ड कांग्रेस से प्रबल दावेदार

**भाटापारा, 29 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाटापारा नगर पालिका चुनाव के लिए वार्डो का आरक्षण होने के बाद शहर मे चुनावी चर्चा और वार्डो सामान्य सीटों में दावेदारों की जैसे मानो बौछार सी आ गई है। जैसे की सदर वार्ड एक अहम सीट मानी जाती है। पिछले बार महिला ओबीसी आरक्षण होने से पार्षदों ने ही पार्षद को चुनकर नगर पालिका अध्यक्ष बनाया था। सदर वार्ड की सीट इसलिए खास मानी जाती है। क्योंकि वर्तमान पाली का अध्यक्ष भी इस वार्ड से जीत कर आई है। जो 31 वार्डों के पार्षदों द्वारा चुनावी प्रक्रिया से जीत अर्जित कर बनी है। यह वार्ड इस बार सामान्य हो जाने से जिसमें की एक नया उभरता हुआ युवा नाम आ रहा है। सूत्रों की जानकारी के अनुसार युवा नाम शादाब जलियांवाला का आ रहा है। जो कि हर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। जानकारी के अनुसार इस बार कांग्रेस सदर वार्ड से शादाब जालियांव के ऊपर दाव खेल सकती है।

### विधि महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**भाटापारा, 29 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय, में वीर बाल दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रीता दीवान ने बताया कि वीर बाल दिवस हमें राष्ट्रीय एकता और भाईचारे का संदेश देता है, विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राम आशीष श्रीवास्तव के द्वारा गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की शहादत का विस्तृत वर्णन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी सहा.प्रा.दिलीप कुमार सोनी ने वीर बाल दिवस को साहस और बलिदान का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस हमें प्रेरित करता है कि हम भी अपने जीवन में कठिनाइयों का सामना करते हुए धैर्य और दृढ़ता बनाए रखें। भाषण प्रतियोगिता में रंजीत सिंह खालसा आयुष तिवारी तथा लिसा देवांगन क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ.ऋषि राज पांडे तथा अतिथि व्याख्याता डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा, अफरोज कुरैशी, अमन पाठक, सुश्री किरण चंद्राकर, अमीर हैदर हैदरी तथा महाविद्यालयीन स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### परिवहन सुविधा केन्द्र स्थापित करने के लिए 30 तक दावा-आपत्ति

**दंतेवाड़ा, 29 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में शिक्षार्थियों के लाइसेंस बनवाने और अन्य परिवहन सेवाओं के लिए जिला दंतेवाड़ा के विभिन्न स्थानों में परिवहन सुविधा केंद्र स्थापित किए जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन प्रक्रिया 15 दिसंबर तक पूरी करने के साथ ही प्राप्त आवेदनों की सूची जारी कर दी गई है। इन परिवहन सुविधा केंद्रों के लिए आवेदन पत्रों पर किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर निर्धारित की गई है। दावे और आपत्तियां जिला परिवहन कार्यालय, दंतेवाड़ा में प्रस्तुत की जा सकती हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला परिवहन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

जिले में सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का हुआ सम्मान

# पीएम आवास योजना के तहत समय सीमा पर आवास बनाने वाले 30 लाभार्थियों को दिए गए उपहार और प्रशस्ति पत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 29 दिसंबर।** जिले में सुशासन दिवस और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तूलिका कर्मा, सदस्य रामू नेताम, सुश्री सुलोचना कर्मा और जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा की उपस्थित थे। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत समय सीमा पर 30 लाभार्थियों को उपहार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा, कृषि, स्वास्थ्य, और पंचायत विभाग के मैदानी कर्मचारियों के साथ-साथ युवोदय वॉलेंटियर्स और बालमित्रों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# जिले के नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने शुरू की निशुल्क हेल्पलाइन सेवा

■ 9302706669 के नम्बर पर लोग दर्ज करा सकते है अपनी समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 29 दिसंबर।** जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की दैनंदिनी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से निशुल्क हेल्पलाइन सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत आमजन अपनी समस्याओं जैसे बिजली, पानी, पेशन से संबंधित दिक्कतों के संबंध में निशुल्क हेल्पलाइन 9302706669 के जरिये प्रशासन को अवगत कराकर इसका समाधान प्राप्त कर सकते है। यह सेवा की सुबह 10 बजे से शाम के 6 बजे तक के बीच सक्रिय रहेगी। इसके साथ ही इसमें स्वास्थ्य, भूमि संबंधी नक्शा खसरा के मामले के संबंध में भी शिकायत की दर्ज कराया जा सकता है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने बताया कि जिला के हेल्पलाइन सेंटर से चाहे वह ग्राम स्तर की षिकायते हो, अन्तर्विभागीय समस्याएं हो या फिर लंबित आवेदनों के निराकरण अथवा जैसे बिजली, पानी, सड़क जैसे मुद्दे इन सभी तमाम मामलें हो इस हेल्पलाइन पर मौजूद कर्मचारी इसे संज्ञान मे लेकर प्रशासन से संबंधित विभाग तक अवगत कराएगें। विशेष बात यह है कि अपनी दिक्कतों एवं समस्याओं को हिन्दी, हल्बी, गोंडी किसी भी भाषा में दर्ज कराया जा सकेगा। कर्मचारी सभी आवेदनों को पंजीकृत करके वस्तुस्थिति के बारे मे शिकायतकर्ता को अद्यतन स्थिति की जानकारी देगें और यदि समस्याओं का निराकरण हो जाता है तो इसके पश्चात भी कर्मचारी शिकायतकर्ता को पुनः कॉल करके उसके संतोषजनक पूर्ण निराकरण के फीडबैक की जानकारी लेंगे और फिर भी इसमें कमीबेशी रह जाती है तो फिर से इसपर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। समस्याओं के पूरी तरह निराकरण के बाद ही आवेदनो को पूरी तरह से निराकृत माना जाएगा।

## एक नजर

### मेला मंडई में जमकर हुआ हंगामा

**डोंगरगढ़ 29 दिसंबर।** पीटेपानी मेला मंडई में आरोपी और उसके साथियों के द्वारा हुड़दंग मचा कर मारपीट कर धारदार हथियार से प्रार्थी के ऊपर जानलेवा हमला करने की शिकायत सामने आई है. ज्ञात हो कि 27, 28 दिसम्बर की रात विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत पीटेपानी में मेला मंडई का आयोजन किया गया था. देर रात 10 बजे के आसपास राजेंद्र सेन अपने साथियों के साथ दुर्गेश कंवर पिता स्व नरेश कंवर के उपर मारपीट कर धारदार हथियार से हमला करने की शिकायत पुलिस में की गई है. समाचार लिखे जाने तक पुलिस के द्वारा कोई शिकायत दर्ज नहीं किया गया है. घटना को थाना प्रभारी मिलन सिंह से चर्चा करने पर बताया गया कि प्रार्थी अभी थाने नहीं पहुँचा है शिकायत मिलने के बाद आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी. इधर ग्रामीणों से प्राप्त समाचार में बताया गया कि आरोपी के द्वारा किये गए हमला से मंडई मेला में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई थी. घटना से आक्रोशित कई ग्रामीणों के द्वारा आरोपी के सोल्ड सुपर स्प्लेन्डर को ईट पत्थर से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है. घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था. पुलिस मामले की जांच प्रारम्भ कर दी है.

### पीएम आवास में लापरवाही बरतने पर होगी संबंधितों पर कार्रवाई:सीईओ जिला पंचायत

**रायगढ़ , 29 दिसम्बर।** सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में समीक्षा बैठक ली। जिसमें रायगढ़ जिला पंचायत अंतर्गत जिले के समस्त 7 विकास खंडों के चयनित 63 से अधिक ग्राम पंचायतों के सचिवों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम किस्त प्राप्त हो चुके है, किंतु द्वितीय किस्त हेतु जियो टैग की प्रगति 50 प्रतिशत से कम हुआ है। उन्होंने पीएम आवास के कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी जतायी और सचिव एवं नोडल अधिकारियों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की प्राथमिकता का कार्य है, सभी तकनीकी सहायक फील्ड पर भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य में प्रगति लाए। उन्होंने सभी जनपद पंचायत के सीईओ को नियमित मानिटरिंग करने और कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित मैदानी अमले पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने अच्छे कार्य करने वाले सचिवों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत करने की बात कही। उन्होंने सभी ब्लॉक के डीईओ, एडीईओ, एसडीओआरईएस के द्वारा किए जाने वाले नियमित पंचायत भ्रमण की भी समीक्षा की। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिले के सभी विकास खंडों के एसडीओ, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, विकास विस्तार अधिकारी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र चिकनीपाली का किया निरीक्षण

**कोरबा, 29 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने विकासखंड करतला के धान उपार्जन केन्द्र चिकनीपाली का निरीक्षण कर धान खरीदी की जानकारी ली। कलेक्टर ने उर्पाजन केन्द्र में पंजीकृत किसानों की संख्या, जारी टोकन अब तक हुए धान खरीदी, राशि भुगतान एवं केंद्र में उपलब्ध बारदानों के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में धान भंडारण, स्टैकिंग व्यवस्था का भी अवलोकन करते हुए नए-पुराने बारदाना की उपलब्धता, धान की नमी परीक्षण सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने धान विक्रय के लिए आए किसानों से केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने किसानों द्वारा विक्रय हेतु लाए धान की नमी का भी अपने समक्ष जांच करवाई और बोरी में भरे धान का इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन में माप करवाकर वजन का सत्यापन कराया। इस दौरान समिति में किसानों की धान को बिना पलटी किए सीधा बारदाने में भरकर तौलाई करने, समिति प्रबंधक की केंद्र में अनुपस्थित रहने एवं केंद्र में अनेक स्थानों पर अव्यवस्था मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने केंद्र में धान खरीदी कार्य मे नियमों का पालन नही करने के कारण समिति प्रबंधक एवं तौल प्रभारी को खरीदी कार्य से पृथक करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी उपार्जन केंद्रों में धान की तौलाई से पहले अनिवार्य रूप से पलटी कराना सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिससे केंद्र में गुणवत्तापूर्ण धान की खरीदी हो सके। इस अवसर पर एसडीएम श्री सरोज महिलांगे, तहसीलदार श्री राहूल पाण्डेय एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### उपार्जन केंद्र पर बेहतर व्यवस्था और उचित मूल्य मिलने से किसानों का बढ़ रहा मनोबल

**कोरबा, 29 दिसम्बर।** 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की सुविधा से अन्नदाताओं में खुशी और उत्साह का माहौल है। यह पहल किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है, और वे बड़ी संख्या में अपने धान को बेचने के लिए उपार्जन केंद्र पहुँच रहे हैं। इस पहल से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है, बल्कि वे सरकार की इस पहल के प्रति आभारी भी हैं। केंद्र पर बेहतर व्यवस्था और उचित मूल्य मिलने से किसानों का आत्मविश्वास और अधिक बढ़ा है। बरपाली धान खरीदी केंद्र में अपना उपज बेचने आए ग्राम ढनढनी के किसान श्री रेशमलाल ने बताया कि उन्होंने बड़ी आसानी से अपना धान विक्रय किया। उन्होंने इस प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बताते हुए कहा यह सुविधा हमारे लिए अत्यंत लाभकारी है, अब हमें अपनी फसल बेचने के लिए केंद्रों का चक्कर लगाना नही पड़ता, साथ ही टोकन के लिए लम्बी कतार में लगने से भी राहत मिली है। किसानों को टोकन तुंहर हाथ एप्प के माध्यम से घर बैठे ही टोकन मिल रही है। केंद्र में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है। धान केंद्र में लाते ही इलेक्ट्रॉनिक मशीन से तौलाई हो गई। साथ ही 72 घण्टे के भीतर राशि किसान के खाते में आ जा रही है। इस तरह की सुविधा से न केवल समय की बचत होती है, बल्कि किसान को उचित मूल्य मिलना भी सुनिश्चित होता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

# भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार हो अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों की रूपरेखा:वित्त मंत्री ओपी चौधरी

**वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक**

**रायगढ़, 29 दिसंबर।** वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों से कहा कि अधोसंरचना विकास को लेकर जो भी प्रोजेक्ट बनाए जा रहे हैं उनका प्रस्ताव भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार करें। सड़क, पुल पुलिया, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्कूल कॉलेज तथा अन्य दूसरे विभागों से जुड़े के कामों की रूपरेखा आने वाले 20 सालों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए बनाए जाएं। ये प्रोजेक्ट ऐसे हों जो लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आएं। वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी ने शनिवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय काम काज की गहन समीक्षा की। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, डीएफओ सुश्री स्टाइलो मंडावी बैठक में उपस्थित रहे।

वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी विभागीय अधिकारियों से उनके विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों और आगे की कार्ययोजना के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, सेतु, पीएमजीएसवाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन, नगर निगम, केलो परियोजना, ग्रामीण यांत्रिकी विभागों के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृत कार्यों को प्रारंभ करने और गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ इन विभागों में आगे के प्रस्तावित कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक कार्यों का प्रस्ताव तैयार कर विभाग प्रमुखों को भेजें। जिससे इन्हें बजट में शामिल किया जा सके। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री महेश शर्मा, ईई पीडब्लूडी श्री अमित कश्यप सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि, समय पर काम पूरा हो इसका ध्यान रखें :** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए। जितने भी निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं अधिकारी इनका नियमित निरीक्षण करें। क्वालिटी मॉनिटरिंग पर सभी का फोकस होना चाहिए। समय सीमा में काम पूरा हो इसका ध्यान रखें।

# भाजपा ने आरक्षण में कटौती कर पिछड़ा वर्ग को अधिकारों से किया वंचित

**महासमुंद 29 दिसंबर।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार ने नगरीय निकाय चुनाव में आरक्षण नीति में छेड़छाड़ कर प्रदेश के बहुसंख्यक वर्ग पिछड़ा वर्ग समुदाय को उनके अधिकारों से वंचित किया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में ओबीसी का आरक्षण 50 प्रतिशत था, लेकिन हाल ही में जारी अधिसूचना के तहत यह आरक्षण नगण्य कर दिया गया है। आरक्षण में कमी से ओबीसी समाज को काफी नुकसान हुआ है। जिससे आज ओबीसी वर्ग में सरकार के प्रति आक्रोश पनप रहा है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि पहले क्रम में पंचायती राज अधिनियम के तहत् 2024 में आरक्षण को संशोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग समाज के लिए निर्धारित 25 प्रतिशत को शिथिल करते हुए 50 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया है। लेकिन, इसका पालन नहीं किया गया। प्रदेश के अनेक हिस्सों में पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण शून्य है। आरक्षण व्यवस्था पूर्णतः त्रुटिपूर्ण है। महासमुंद जिले के 3 नगर पंचायत व 3 नगर पालिका क्षेत्रों में भी पिछड़ा वर्ग आरक्षण में भारी कटौती की गई है। पिछड़ा वर्ग के वार्डों के आरक्षित सीटों को या तो सामान्य कर दिया गया है या फिर अन्य वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि आरक्षण नियमों में बदलाव करते वक्त प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा था कि पिछड़ा वर्ग की जहां जनसंख्या ज्यादा है वहां पंचायत और नगरीय निकाय क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग को लाभ दिया जाएगा। लेकिन भाजपा सरकार ने जो नए नियम तय किया है उसमें ओबीसी वर्ग को अलग से कोई आरक्षण का लाभ देने का उल्लेख नहीं है। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत एवं नगरीय निकायों में अनुसूचित जातियों व जनजातियों के लिए 50 या उससे अधिक स्थान आरक्षित हो वहां पर पिछड़ा वर्ग के लिए स्थान आरक्षित नहीं करने का स्पष्ट उल्लेख है। पूर्व में कांग्रेस की सरकार द्वारा अनुसूचित क्षेत्रों में भी पिछड़ा वर्ग के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित थी, लेकिन अब ऐसा नहीं रहा। जिसके चलते अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को नुकसान हो रहा है। भाजपा सरकार ओबीसी विरोधी है। आरक्षण प्रक्रिया में पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा को भी दरकिनार कर दिया गया है। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि सरकार के दुर्भावना पूर्वक नीतियों के चलते हैं ओबीसी वर्ग को उनके हक के अनुरूप आरक्षण के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। इस बार बागबाहरा नगर पालिका में पिछड़ा वर्ग को पार्षद पद के लिए मात्र एक सीट ही मिली है। पिछले बार यह संख्या चार थी। जिले के मात्र एक पालिका क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग के अधिकारों पर 75 प्रतिशत कटौती कर दी गई है। इसी तरह अन्य नपं व पालिका क्षेत्रों में भी ओबीसी वर्ग के सीटों को या तो अन्य वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है या फिर सामान्य कर दिया गया है। जो सीधे अन्य पिछड़ा वर्ग समाज को चुनाव से वंचित करने का षड़यंत्र है।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए अनंतिम सूची जारी

**कोरबा, 29 दिसम्बर ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना चोटिया के आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों में भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिसकी जांच एवं परीक्षण उपरांत अनंतिम सूची जारी किया गया है। अभ्यर्थी जारी सूची का अवलोकन परियोजना कार्यालय तथा जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के सूचना पटल पर कर सकते हैं। कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना चोटिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार जारी अनंतिम सूची के संबंध में अभ्यर्थियों से दावा आपत्तियां 30 दिसंबर से 08 जनवरी तक आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक परियोजना कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना चोटिया में अपनी दावा-आपत्तियां जमा कर सकते हैं। दावा-आपत्ति में नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा।

# रोग का पता करने 80 बंदियों की स्क्रीनिंग,65 का एक्स-रे किया

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**महासमुंद, 29 दिसंबर।** समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की गंभीर बीमारियों की पहचान और उनका उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महासमुंद जिले में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह 100 दिवसीय अभियान 7 दिसंबर 2024 से शुरू होकर 24 मार्च 2025 तक चार चरणों में संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य टीबी, मलेरिया, कुष्ठ रोग और वृद्धजनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान करना और उनका समुचित इलाज सुनिश्चित करना है। अभियान का संचालन कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को अभियान के तहत जिला जेल महासमुंद में विचाराधीन बंदियों का टीबी स्क्रीनिंग किया गया। इस दौरान कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई अत्याधुनिक मशीन का उपयोग किया गया। कुल 80 बंदियों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें से 65 का एक्स-रे किया गया। इस अभियान के तहत महासमुंद जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को कमजोर और जरूरतमंद तबकों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य टीम ने यह सुनिश्चित किया है कि समुदाय के हर वर्ग को इस अभियान से लाभान्वित किया जाए। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने और समाज के हर व्यक्ति को स्वस्थ जीवन का अधिकार प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

### डीएमएफ निधि को लेकर जिलाध्यक्ष मुदलियार ने सीएम को लिखा पत्र

**बीजापुर 29 दिसंबर।** डीएमएफ निधि पर सरकार ने रोक लगा दी है जिसके बाद से बीजापुर जिले में कई समस्याएं उत्पन्न हुई है इस पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर डीएमएफ निधि जारी करने की मांग की है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि डीएमएफ निधि को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया है। मुदलियार ने बताया है कि बीजापुर जिले को डीएमएफ राशि प्राप्त होता है जिससे शिक्षा,स्वास्थ्य एंव अन्य विकास कार्यों में इस राशि का उपयोग प्रशासन करता है लेकिन सरकार ने किन्ही कारणों से रोक लगा दी है जिसके बाद से बीजापुर में स्वास्थ्य विभाग पर बुरा असर पड़ा है यहां कार्यरत डॉक्टर,नर्स एंव अन्य कर्मचारियों को वेतन इसी निधि से दिया जाता है। लंबे समय से वेतन न मिलने के चलते डॉक्टर नौकरी छोड़कर जाने लगे हैं जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। शिक्षादूत के रूप में कार्यरत शिक्षक भी वेतन न मिलने के चलते परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इन तमाम बातों का जिक्र पत्र के माध्यम से सीएम को अवगत करवाया गया है। मुदलियार ने आगे कहा है कि उक्त समस्याओं को ध्यान में रखते डीएमएफ निधि जारी करने की मांग किया गया है चूंकि जिले की कई व्यवस्था इसी मद के भरोसे चलती है।

# कमिश्नर बस्तर ने बीजापुर तहसील कार्यालय,कांजी हाउस का किया निरीक्षण

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**बीजापुर 29 दिसम्बर।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह ने शुक्रवार को बीजापुर जिले के भ्रमण के दौरान तहसील कार्यालय बीजापुर सहित कांजी हाऊस का निरीक्षण किया। साथ ही भैरमगढ़ एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत नन्दनवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कमिश्नर ने तहसील कार्यालय बीजापुर में राजस्व प्रकरणों के निराकरण स्थिति की जानकारी ली और निर्धारित समयावधि में राजस्व प्रकरणों को निराकृत किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए ऐसे प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकरण करने कहा।उन्होंने उप पंजीयक कार्यालय में भूमि क्रय-विक्रय की पंजीयन के बारे में पूछा। कमिश्नर ने रिकॉर्ड रूम में दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के दृष्टिकोण से दवा का छिड़काव करने सहित अग्निशमन यंत्र रखे जाने के निर्देश दिए। साथ ही खिड़कियों में जाली लगाने कहा। वहीं कार्यालय में आवश्यक फर्नीचर एवं आलमारी इत्यादि की व्यवस्था किए जाने कहा। कमिश्नर ने तहसील कार्यालय परिसर में आम जनता और पक्षकारों की सुविधा के लिए शेड निर्मित किए जाने के निर्देश भी दिए। कांजी हाऊस में पालतू पशुओं के लिए पर्याप्त पैंरा-चारा की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित खाली पड़े भूमि में नेपियर घास लगाने और मक्का-ज्वार का उत्पादन कर मवेशियों को देने कहा। कमिश्नर ने बीजापुर सेंट्रल लायब्रेरी का अवलोकन कर यहां युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सम-सामयिक पत्र-पत्रिकाओं तथा पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं अखिल भारतीय सेवाओं तथा राज्य सेवा के अधिकारियों के माध्यम से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सम्बन्धी मार्गदर्शन प्रदान करने कहा। कमिश्नर ने बीजापुर गारमेंट फैक्ट्री का भी अवलोकन कर यहां पर महिला समूहों की महिलाओं के जरिए कपड़ा तैयार करने के बारे में जानकारी ली। इस दौरान अवगत कराया गया कि आगामी जनवरी माह से अनुबंधित दो नए कम्पनियों रामराज कॉटन एवं मित्रा कॉटन के द्वारा स्थानीय महिला समूहों के माध्यम से कपड़ा उत्पादन शुरू किया जाएगा।

कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने अपने प्रवास के दौरान भैरमगढ़ एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और राजस्व प्रकरणों के निराकरण सहित जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र प्रदाय स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने न्यायालय तहसीलदार में नस्तियों,पंजियों एवं अन्य दस्तावेजों के संधारण का भी बारीकी से निरीक्षण किया।

### पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**बीजापुर 29 दिसंबर।** जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व डॉक्टर मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। जिला कांग्रेस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेसियों ने डॉक्टर मनमोहन सिंह के छाया चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं। कांग्रेस नेता और बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह जी के प्रधानमंत्रित्व काल में देश को ग्रामीण रोज़गार गारंटी कानून (मनरेगा), आदिवासी अधिकार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ह्वष्ट के लिए आरक्षण, प्राथमिक शिक्षा, खाद्य सुरक्षा और भूमि अधिग्रहण से संबंधित क्रांतिकारी कानून मिले हैं जिनका लाभ देश के किसानों, गरीबों, मज़दूरों, पिछड़ों, महिलाओं, युवाओं को मिल है। श्रद्धांजलि सभा में विधायक विक्रम मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, प्रवीण डोंगरें, ज्योति कुमार, पुरुषोत्तम सल्लूर, कलाम खान, पुरुषोत्तम खत्री, सुनील उद्दे, प्रवीण उद्दे, राजेश जैन, इदरीस खान, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, रामकुमार दुर्गम, रोहित ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 13.162 किलो पंगोंलिन सिल्क के साथ महाराष्ट्र के तीन व छग का एक आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर 29 दिसंबर।** वन विभाग को मुखबिर से मिली सूचना पर मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) के निर्देशानुसार उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन और पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमंडलाधिकारी हेमचंद पहारे के नेतृत्व में वनमण्डलाधिकारी भानुप्रतापपुर, एसडीओ कापसी ने रेंजर देवदत्त तारम की संयुक्त टीम ने पखांजूर के पीवी 31 के पास से दुर्लभ वन्य प्राणी पंगोंलिन के उपर पाये जाने वाले पेंगोलीन सिल्क को बेचने के फिराक में घूम रहे मोटर सायकल सवार 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सुधीर रामजी रामटेके निवासी ग्राम रामनगर, जिला गढ़चिरौली, महाराष्ट्र, विजय मंडल निवासी ग्राम पीव्ही 125 बैकुंठपुर, जिला कांकेर, छत्तीसगढ़, राधाकृष्ण सरकार निवासी ग्राम शाखेरा, जिला गढ़चिरौली, महाराष्ट्र एवं अनिल रिसेश्वर कुमरे निवासी सावरगांव, जिला गढ़चिरौली, महाराष्ट्र के कब्जे से 13.162 किलो पेंगोलीन सिल्क बरामद कर गिरफ्तार किया है। पेंगोलीन सिल्क की अनुमानित कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में लाखों की बताई जा रही है। वनमण्डलाधिकारी पश्चिम भानुप्रतापपुर हेमचंद पहारे ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पतासाजी के दौरान चार तस्करों को पेंगोलीन सिल्क के साथ रंगे हांथ पकडने में सफलता मिली हैं, इनके गिरोह के अन्य साथियों की गिरफ्तारी होने की भी सम्भवना हैं। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 9, 51 और 52 के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही के उपरांत न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, पखांजूर के आदेशानुसार आरोपियों को आज शनिवार को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

### महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त कर रही

**रायगढ़ , 29 दिसम्बर।** राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने का कार्य कर रही है। ये उन महिलाओं के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही जो स्वयं का कार्य प्रारंभ कर अपना सपना पूरा करना चाहती है। ऐसी ही उदाहरण श्रीमती रेवती यादव है। रायगढ़ जिले के विकासखंड धरमजयगढ़ के ग्राम-सोनपुर के एकीकृत बाल विकास परियोजना कापू निवासी श्रीमती रेवती यादव जो कि एक दुकान में कपड़ा सिलाई एवं कढ़ाई का काम करती थी। इस कार्य से उन्हे प्रतिमाह एक सीमित आय प्राप्त होती थी। जिससे वह किसी तरह से अपने परिवार के साथ जीवन यापन कर रही थी। श्रीमती रेवती यादव हमेशा से चाहती थी कि वह अपने कपड़ा सिलाई एवं कढ़ाई के काम को अपना स्वयं का एक दुकान खोलकर व्यवसाय के रूप में संचालित करें, परन्तु आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने के कारण जो संभव नहीं हो पा रहा था। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय नेतृत्व में वर्ष 2024 में महतारी वंदन योजना की प्रारम्भ की गई। जिसके पश्चात आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुश्री तनुजा यादव के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में श्रीमती रेवती यादव का महतारी वंदन योजना फार्म भरा गया। जिसके पश्चात माह मार्च 2024 से 1000 प्रति माह राशि प्राप्त होने लगा। जिसे वह अपने बैंक खाता में बचत करती रही। माह दिसम्बर 2024 तक राशि प्राप्त होने पर श्रीमती रेवती के पास 10 हजार रूपये बचत होने पर वह अपने लिये कपड़ा सिलाई की मशीन के साथ अन्य सामान खरीदकर घर से कार्य करने लगी है।

### गबन करने वाले पूर्व शाखा प्रबंधक व दो पूर्व क्रेडिट असिस्टेंट को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया

**भिलाई 29 दिसंबर।** स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड कंपनी में गबन करने वाले पूर्व शाखा प्रबंधक व दो पूर्व क्रेडिट असिस्टेंट को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपितों ने कंपनी को कुल 10 लाख 23 हजार 404 रुपये का चूना लगाया था इसके बाद तीनों ने काम छोड़ दिया था कंपनी के फाइनेंशियल आडिट में आरोपितों का गबन पकड़ा गया इसके बाद उन्होंने आरोपितों से संपर्क कर रुपये वापस जमा करने के लिए कहा, लेकिन रुपये नहीं जमा किए इसके बाद वैशाली नगर थाना में इसकी शिकायत की गई पुलिस ने धोखाधड़ी और गबन की धाराओं के तहत प्राथमिकी कर आरोपितों को गिरफ्तार किया है आरोपितों में पूर्व शाखा प्रबंधक ग्राम कोईदा पोस्ट कोईदा वाया लवन थाना कसडोल जिला बलौदा बाजार निवासी 26 वर्षीय गीता राम साहू उर्फ करण, पूर्व क्रेडिट असिस्टेंट ग्राम टोगो पथरा तहसील पिथौरा जिला महासमुंद निवासी 27 वर्षीय बृजलाल साहू और ग्राम नवापानी तहसील सरायपाली जिला महासमुंद निवासी 25 वर्षीय अविनाश यादव को उनके घर से गिरफ्तार किया गया वहीं एक अन्य आरोपित रितेश बंजारे की तलाश जारी है वैशाली नगर प्रभारी अमित अदानी ने बताया कि ग्राम भुईगांव पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा निवासी शिकायतकर्ता राजकुमार कैवर्त वर्तमान में स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल कंपनी जवाहर नगर का क्षेत्रीय प्रबंधक है उसने मामले की शिकायत की है शिकायत में बताया गया है कि कंपनी के पूर्व शाखा प्रबंधक गीता राम साहू, पूर्व क्रेडिट असिस्टेंट अनिवाश यादव, बृजलाल साहू और रितेश बंजारे ने अलग-अलग गबन किया है आरोपितों ने ऋण लेने वालों से राशि तो एकत्रित की, लेकिन उसे कंपनी के खाता में जमा नहीं किया कंपनी के फील्ड आडिटर राजेश बादल ने जब आरोपितों के कार्यकाल में हुए लेनदेन का आडिट किया तो उनके द्वारा किए गए गबन का राजफाश ऋण वालों से रुपये लेने के बाद उसे कंपनी में जमा न कर किया गबन स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल लिमिटेड कंपनी में काम करते थे।

# कलयुग में दान करना ही सर्वश्रेष्ठ कर्म है : आचार्य सुभाष महाराज

- सिवनी में नायक परिवार ने किया श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 29 दिसम्बर।** समीपस्थ ग्राम सिवनी में नायक परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन व्यासपीठ से अयोध्या से पधारे भगवतविद् आचार्य सुभाष जी महराज ने राजा परीक्षित और कलयुग के संवाद कथा के साथ तीसरे दिन की कथा का शुभारंभ किया।कथा प्रसंग में उन्होंने बताया कि तीन पैर से धर्मरुपी बैल को जब कलयुग त्रास दे रहा था और समीप ही पृथ्वी रुपी गाय रुदन कर रही थी।तो राजा ने उनसे परिचय पूछा तो उन्होंने बताया कि अधर्माचरण से वह व्यथित है।

धर्मरुपी बैल के चार पैर में से एक सत्य का पैर सतयुग में, दूसरा तपरुपी पैर त्रेता में, तीसरा दयारुपी पैर द्वापर में टूट गया और कलयुग में वह एकमात्र दान रुपी पैर के ताकत पर खड़ा है।साथ ही आगे की कथा को विस्तार से बताया। सुमधुर भजन के साथ भागवताचार्य ने बताया कि कलयुग में दान ही सर्वश्रेष्ठ है और भगवान का नाम जाप व भजन ही मुक्ति के लिए सबसे सरल और सहज मार्ग है।विदित हो कि ग्राम सिवनी में स्वामी भानुप्रताप जी महराज पहाड़पुर प्रतापगढ़(उत्तर प्रदेश)के सान्निध्य में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शिक्षक यशवंत नायक के परिवार द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया है।

इस कथा में नैमिषारण्य तीर्थ एवं काशी से पधारे विद्वानों के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का रसपान ग्रामीणों को कराया जा रहा है।प्रतिदिन समस्त श्रद्धालुओं के लिए भोग भंडारा का आयोजन रखा गया है। तीसरे दिन के कथा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## एक नजर

### होटल, ढाबा, ठेला में शराब पिलाने वाले संचालकों पर पुलिस की कार्रवाई

**बलौदाबाजार, 29 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 26.12.2024 को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 05 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 05 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है। इस दौरान थाना पलारी द्वारा 05 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है।

### पुलिस ने 6 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 29 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना पलारी पुलिस द्वारा जुआ, सट्टा आदि अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में 27 दिसम्बर को थाना पलारी पुलिस द्वारा ग्राम लरिया में जुआ खेलते हुए 06 जुआरियो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी 2420 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना पलारी में छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है। आरोपी जुआरियों के नाम राजेश मारकंडे उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम लरिया थाना पलारी, हेमलाल यादव उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम लरिया थाना पलारी , भागबली सोनवानी उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम खपरी ब थाना पलारी, जगेशर यादव उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम लरिया थाना पलारी, साधराम रात्रे उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम लरिया थाना पलारी, दयाशंकर मांजरे उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम लरिया थाना पलारी है

## निधन

### अंकुश केशरवानी

**तिल्दा नेवरा, 29 दिसम्बर।** अंकुश केसरवानी

उर्फ सोनू का एक दुर्घटना में कल रात आकस्मिक निधन हो जाने की खबर से पूरा भाजपा परिवार दुखी है नगर के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामबाबू केसरवानी के सुपुत्र थे। भगवान शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की हिम्मत दे। तिल्दा नेवरा बीजेपी ने दुख व्यक्त किया है।

## नई सरकार गठन बाद शासी परिषद की दूसरी बैठक हुई

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं : टंकराम वर्मा

- अपूर्ण कार्यों शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 81 करोड़ की कार्य-योजना का हुआ अनुमोदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 दिसम्बर।** कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता एवं कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा की उपस्थिति में आज जिला खनिज न्यास संस्थान के शासी परिषद की बैठक सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। अपूर्ण कार्यो शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 81 करोड़ की कार्य-योजना का अनुमोदन किया गया है। जिसमें 2024-25 के कार्य योजना अन्तर्गत प्राथमिक सेक्टर में 49 करोड़ रूपये एवं अन्य सेक्टर के लिए 32 करोड़ रूपये के कार्य शामिल है।

उक्त बैठक में जांजगीर चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, विधायक भाटापारा इंद्र साव, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, सदस्य अजय राव, संकेत अग्रवाल, चित्ररेखा साहू अन्य नामांकित सदस्यो सहित जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, डीएफओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, अन्य समस्त विभागों के जिला अधिकारी गण उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि डीएमएफ का ग्रामीण विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान है। हमारी सरकार एक नई सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते हुए डीएमएफ की राशि का उचित उपयोग करेगी जिससे समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को उसका लाभ मिल सके। उन्होने कहा कि सभी निर्माण एजेंसियां समय सीमा भीतर गुणवत्ता युक्त कार्य करे। उन्होंने दो टूक कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार की समझौता नहीं स्वीकार की जाएंगी। वर्मा ने निर्माण कार्यों से ज्यादा प्राथमिकता सेवा संसबंधी कार्यों को दिए गए हैं। अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स, टेक्निशियन के रिक्त पदों पर डीएमएफ के मद से पूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन विकास कार्यों के लिए सरकार से नियमित रूप से बजट नहीं मिल पाती है, उनके लिए गैप फिलिंग के तौर पर काम लिया जाएगें। इसके अतरिक्त अन्य कार्यों को सैद्धांतिक स्वीकृति भी प्रदान की गई।

बैठक में पदेन अध्यक्ष जिला कलेक्टर दीपक सोनी ने बैठक में जिला खनिज न्यास संस्थान के नियमों की प्रस्तुतिकरण के जरिए जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उपलब्ध कुल राशि के 60 प्रतिशत काम उच्च प्राथमिकता के और 40 प्रतिशत काम अन्य प्राथमिकता के कामों में खर्च किए जाएंगे। पदेन सचिव जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने बताया कि उच्च प्राथमिकता के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य देख-भाल, शिक्षा, कृषि एवं अन्य गतिविधियां, महिला एवं बाल विकास, वृद्ध एवं निःशक्तजन कल्याण, कौशल विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, जनकल्याण के काम, सतत जीविकोपार्जन और इन कामों को संपादित करने के लिए मानस संसाधन की आपूर्ति शामिल हैं। अन्य प्राथमिकता के अंतर्गत भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, सार्वजनिक परिवहन, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण, युवा गतिविधियों को बढ़ावा, ग्राम सभा के क्षमता विकास हेतु प्रशिक्षण, राज्य शासन की योजनाओं कार्यक्रम पूर्ति के लिए शामिल हैं। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर डीएमएफ सहायक विकास अधिकारी विजय बंजारे, दिले राम खुटे, एकाउंटेट शेखर सोनी सहित डीएमएफ के अधिकारी कर्मचारी के गण उपस्थित रहे।

## सोन्डरा में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 29 दिसम्बर।** धरसीवा के औधोगिक क्षेत्र सिलतरा छोटे से गांव सोन्डरा मेंतीन करोड़ पचास लाख की लागत से निर्मित राधा भवन एवं महेंद्रा कौशल अकादमी ग्रामीणों को समर्पितकिया गया था।

सेठ बनारसीदास चेरिटेबल ट्रस्ट ओर महेंद्रा स्पंज एंड पावर लिमिटेड द्वारा जनहित में निर्मित इस भवन का लोकार्पण केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी एवं क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा के कर कमलों सेकिया गया था।

सेठ बनारसी दास चैरिटेबल ट्रस्ट एवं महिंद्रा स्पंज पावर लिमिटेड सिलतरा द्वारा ग्राम सोणड्रा आयोजन के महिंद्रा ग्रुप के संस्थापक ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, अमीनेश अग्रवाल, एवं समस्त महिंद्रा परिवार के द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं सोंड्रा ग्रामीणों की उपस्थिति में आज कौशल विकास प्रिशक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया अभी यहाँ पर 30 सिलाई मशीन और 30 कम्प्यूटर सेट लगाया गया है।

आपको बता दे की सेठ बनारसी दास चैरिटेबल ट्रस्ट एवं महिंद्रा ग्रुप के संस्थापक ईश्वर प्रसाद अग्रवाल ने अपनी माता स्वर्गीय राधा बाई अग्रवाल एवं पिता स्वर्गीय बनारसी दास अग्रवाल की स्मृति में इस भवन का निर्माण करवाया है जहां पर यह कौशल विकास प्रिशक्षण केंद्र संचालित किया जा रहा है।

## ग्राम बगौद में बह रही है रामरस की अविरल धारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा, 29 दिसम्बर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम बगौद में रामकथा मानस मंथन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ग्राम बगौद की शिव मंदिर से गांव की महिलाएं कलश यात्रा के साथ गांव की भ्रमण कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। यह कार्यक्रम 23 दिसंबर सोमवार से 31दिसंबर मंगलवार तक मानस मंथन कथावाचक पं. रेवेन्द्र वैष्णव (दाऊ महाराज) ग्राम - गोड़ेला,जिला - राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)के मुखारविंद से अविरल कथा प्रवाहित हो रहा है यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से संध्या 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है साथ ही 31दिसंबर को मानस मंथन प्रातः10 बजे से दोपहर 01 बजे तक होगी तत्पश्चात महाप्रसादी (भण्डारा) किया जाएगा।उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम पंचायत बगौद,जय चण्डी बाल समाज,जय बजरंग बाल समाज,राधा स्वामी सतसंग समिति,समस्त दुर्गा पूजा सेवा समिति,जय चण्डी युवा एकता मंच,समस्त महिला स्व सहायता समूह,मरादेव सेवा समिति एवं समस्त मातृशक्ति ग्रामवासी एवं जय गणेश परिवार ग्राम बगौद जुटे हुए है।

## लम्बे समय से फरार मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**तिल्दा-नेवरा, 29 दिसम्बर।** 13 अक्टूबर को प्रार्थी अमोल धृतलहरे निवासी वार्ड क्र0 22 तिल्दा का मौली मंदिर तिल्दा के पास रावण दहन का कार्यक्रम देख रहा था उसी समय आरोपी अमित माण्डले उर्फ सोनू अपने अन्य साथी हर्ष सोनी उर्फ बिहारी, मोनू यादव एवं झोल्टू के साथ आकर पुरानी रंजिश को लेकर गंदी गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का तथा स्टील के चूडा, बेल्ट से मारपीट कर चोट पहुँचाये कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना के दौरान प्रार्थी के मुलाहिजा रिपोर्ट में डॉ0 साहब द्वारा ग्रिवियस चोट पहुँचाना लेख करने पर प्रकरण में धारा 118(2)

बीएनएस जोडी गई तथा आरोपी अमित उर्फ सोनू एवं हर्ष सोनी एवं बिहारी मिलने पर पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य दो आरोपी मोनू एवं झोल्टू फरार थे जिन्हे मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पकडकर गिरफ्तार किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### शासन ने यात्रा भत्ता में की बढ़ोतरी, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने जताया आभार

**भाटापारा, 29 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, प्रांतीय सचिव आयुष सिंह, जिलाध्यक्ष फारूक कादरी ने कहा की छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के स्थाई यात्रा भत्ता में बढ़ोतरी की है। इस संबंध में वित्त विभाग ने आदेश जारी किया है। यात्रा भत्ता नियम के अनुसार शासकीय सेवकों के विभिन्न प्रवर्गों के लिए स्थाई यात्रा भत्ता की पात्रता और दरें निर्धारित की गई हैं। राज्य शासन द्वारा संघ के वर्षों से मांग पर विचारोपरांत यात्रा भत्ता की दरों को संशोधित कर बढ़ोतरी करने का निर्णय लेकर आदेश जारी किया गया है द्य किसका कितना बढ़ा भत्ता राजस्व निरीक्षक, विक्रय अमीन, सहायक ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (ग्राम सेवक) / सहायक विकास विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा के क्षेत्र सहायक (ऐसे पदों/स्थानों पर पदस्थ होने से जहां गहन यात्रा करना आवश्यक है), लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के हेंड पंप तकनीशियन। इन सभी संवार्गो को वर्तमान में 350 रुपये निश्चित मासिक यात्रा भत्ता मिल रहा था। इसे बढ़ाकर अब 1200 रुपये निश्चित मासिक दर कर दिया गया है। इसी तरह जिला एवं तहसीलों में पदस्थ राजस्व विभाग के भृत्य एवं सफाई कर्मचारी, वन विभाग / राजस्व विभाग के चेन मेन, न्यायिक एवं वाणिज्यिक कर विभाग के प्रोसेस सर्वर तथा ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत पटवारी। इन्हें अभी 300 रुपये मासिक भत्ता मिल रहा था, जिसे बढ़ाकर 1000 रुपये निश्चित मासिक यात्रा भत्ता कर दिया गया है। उपरोक्त विभिन्न संवर्ग कर्मचारियों के यात्रा भत्ता में बढ़ोतरी किए जाने पर संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, संघ के संरक्षक अनिल श्रीवास्तव, डी एस एन राव, महामंत्री, मुक्तेश्वर देवांगन, पदमेश शर्मा, फारूक कादरी, तिलक यादव, प्रवीण तिवारी, देवेंद्र साहू, रविन्द्र मरकाम, प्रांतीय उपाध्यक्ष मिथलेश साहू, प्रांतीय सचिव आयुष सिंह, इरफ़ान खान, राकेश सिंह, आदि ने शासन के प्रति आभार जताया है द्य उपरोक्त जानकारी प्रांतीय सचिव आयुष सिंह ने दी।

### विकासखंड स्तरीय सुशासन दिवस का आयोजन ग्राम पंचायत देवरीकला में हुआ

**बलौदाबाजार, 29 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती को पूरे जिले में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इसी तारतम्य मेंजनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरीकला में विकासखंड स्तरीय सुशासन दिवस का आयोजन संपन्न हुई। इस अवसर पर जनपद पंचायत कसडोल के अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कसडोल राम रतन दुबे जनपद पंचायत कसडोल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कमलेश साहू ग्राम पंचायत देवरीकला की सरपंच पैंकरा ग्राम पंचायत छरछेद के सरपंच भरत दास मानिकपुरी द्वारा अटल चौक में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि सिद्धांत मिश्रा द्वारा अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी कविता का पाठ किया गया एवं अटल के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही गई। अटल की विदेश नीति की तारीफकरते हुए अध्यक्ष मिश्रा द्वारा पोखरण परमाणु परीक्षण कारगिल युद्ध जैसी उपलब्धियों को ग्रामजनों के बीच साझा किया गया। सरपंच छरछेद भरत दास मानिकपुरी द्वारा अटल को छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माता बताया गया तथा कहा गया कि आज हर गांव तक सड़को का जो जाल फैला है वो अटल की ही देन है अटल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की थी। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से देश प्रेम की झलक दिखाई गई। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य घृतलहरें ग्राम पंचायत देवरीकला के पंच गण जनपद पंचायत कसडोल के अधिकारी कर्मचारी एवं भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए।

### सोसाइटियों में प्राधिकृत अधिकारी नियुक्ति बाद मुख्यमंत्री का कुरूद आगमन

**भखारा, 29 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोसाइटियों में प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किये जाने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का नगर आगमन होने पर कुरुद नेशनल हाईवे स्थित विनायक स्टेटस में अमृतेश्वर महादेव एवं शिव परिवार द्वारा आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मंदिर के दर्शन के पश्चात पदाधिकारियो से मुलाकात की गई।जिसमे नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों और सहकारिता में सोसायटियों की प्राधिकृत अधिकारियों से परिचय कराया गया ताकि संगठन मजबूत रहे। आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में संगठन को मजबूती देने के संबंध में चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय से मुलाकात के दौरान वृहत्ताकार सोसायटी कुरूद के नव नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी प्रभात बैस,भाजपा कुरूद मंडल अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत साहू,भाजपा शहर संयोजक एवं संतगुरु घासीदास महाविद्यालय कुरुद जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकार से चर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कुरूद के चहुंमुखी विकास के लिए कुरुद की जनप्रतिनिधियों की प्रशंसा की और क्षेत्रवासियों को धन्यवाद प्रेषित किया।

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अजीत कुमार सिंह (AJIT KUMAR SINGH) पिता अनादि प्रसाद सिंह (ANADI PRASAD SINGH) आयु 42 वर्ष निवासी क्वार्टर नं. 68/ए. रूआबांधा सेक्टर एच एस सी एल कालोनी, पोस्ट-सिविक सेंटर, भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैं आर्मी में लांस हवलदार (आर्मी नं. 15686860Y) के पद पर कार्यरत हूं। यह कि सर्विस रिकार्ड में पिता का नाम आनंदि प्रसाद सिंह (ANANDI PRASAD SINGH) एवं जन्मतिथी 01/07/1953 लिखा गया है, जो कि त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जिसे सुधार करवाकर सही व वास्तविक नाम अनादि प्रसाद सिंह (ANADI PRASAD SINGH) एवं जन्मतिथी 29/11/1955 दर्ज/अंकित कराना चाहता हूँ। जो कि शासकीय दस्तावेज में दर्ज है। यह कि अनादि प्रसाद सिंह व आनंदि प्रसाद सिंह दोनो एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पिता का नाम है।

**अजीत कुमार सिंह**
**68/ए. रूआबांधा सेक्टर**
**एच एस सी एल कालोनी**
**भिलाई तहसील व जिला**
**दुर्ग (छ.ग.)**

## राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा वीर बाल दिवस कार्यक्रम में हुए शामिल

# बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के बलिदान को किया नमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 दिसम्बर।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा गुरुवार को पण्डित चक्रपाणि शुक्ल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। मातृभूमि और धर्म रक्षा के लिए उनकी शहादत अमर रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2022 से शुरू किए गए वीर बाल दिवस को ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि यह दिवस हमें अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि अगले वर्ष से वीर बाल दिवस का आयोजन जिले के नवनिर्मित ऑडिटोरियम में भव्य रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के जीवन पर आधारित चलचित्र का प्रदर्शन भी किया जाएगा ताकि बच्चे उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अच्छे मूल्य अपनाएं। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए वीर बाल दिवस को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में सिख समाज के महिलाओं ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर आधारित कीर्तन प्रस्तुत किया जिसने समूचे माहौल को भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम में निबंध लेखन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, नरेश केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित अन्य अधिकारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## एक नजर

### राजेंद्र ओझा ने एकत्रित की 10 से अधिक भाषाओं की 125 से अधिक पत्रिकाएं

**रायपुर, 29 दिसम्बर।** विभिन्न भाषा/बोलियों की सामग्री एकत्रित करने के सिलसिले में रायपुर के राजेंद्र ओझा ने पत्रिकाओं के क्षेत्र में भी एक अलग काम किया है। आपने 10 से अधिक भाषाओं की 125 से अधिक पत्रिकाएं एकत्रित की हैं एवं इस संकलन को लगातार और बढ़ा रहे हैं। आपके संकलन में हिंदी की अनेक पत्रिकाएं तो हैं ही छत्तीसगढ़ी की 'हमर चिन्हारी', 'छत्तीसगढ़ी लोकाक्षर', 'सुरहुत्ती', बिहार की 'सारथी', 'मगही संवाद', : 'बज्जिनाद', 'टोला - टोटी', 'अलका मागधी', झारखंड की 'अखड़ा', 'पांचपरगना', कर्नाटक की कोंकणी एवं बेयरी भाषा की 'पनवार' तथा 'बेलकिरी', राजस्थान की राजस्थानी, वागड़ी, मारवाड़ी भाषा की 'राजस्थली', 'ओणख', 'वागड़ पत्र', महाराष्ट्र की गोरमाटी भाषा की 'आरोणी', तेलुगू भाषा की 'कला ज्योति ', 'साहिथी किरणम्' आदि, गुजराती भाषा की 'श्रीमाली समन्वय', 'चित्रलेखा', 'वि - विद्यानगर', आदि अनेक पत्रिकाएं एकत्रित हैं। राजेंद्र ओझा ने बताया कि पत्रिकाओं सहित कैलेंडर आदि के संकलन को शोधार्थी छात्र कभी भी देख सकते हैं।

### युवक पर लाठी-डंडा से हमला कर दुकान को पहुंचाया नुकसान, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 29 दिसंबर।** मोतीनगर टिकरापारा में पूर्व विवाद को लेकर 5-6 लोगों ने एक राय होकर दुकान में जबरन प्रवेश कर तोड़फोड़ किए और दोपहिया वाहन को नुकसान पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अली हुसैन 40 वर्ष कविता नगर टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सोहेल, जिबरान सैफ, आमीर, सद्दाब व अन्य ने एक राय होकर प्रार्थी के दुकान में आया और तोड़फोड़ कर दुकान के बाहर खड़ी दोपहिया वाहन को क्षतिग्रस्त किया। प्रार्थी की शिकाय पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवती से दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

**रायपुर, 29 दिसंबर।** युवती से दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया के परिचित आरोपी दीपक शर्मा ने उसे अपने परिवार वालों से मिलवाने के लिए अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। जिसके बाद आरोपी ने पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए 90 हजार रुपए की मांग किया। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 29 दिसंबर।** ग्राम छतौद में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आनंदी राम कुर्रे 49 वर्ष केवतरा नेवरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केवाय 2674 को ग्राम छतौद में अपने रिश्तेदार के घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# न हमसफर न किसी हमनशीं से निकलेगा हमारे पाँव का काँटा हमीं से निकलेगा...

छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक मदद पहुंचाने वाली महतारी वंदन योजना में लगभग सभी महिलाओं को 1000 ? मासिक देने के नाम पर छ्ग में भाजपा की सरकार तो बन गई पर यह जाँच ही नहीं की गई किइस योजना का लाभ बड़े घर की मालकिन, उसकी बेटी, बहु, उसके घर खाना पकाने वाली, चौका-बर्तन करने वाली सभी उठा रहे हैं, आय करदाता, बड़ा मकान, कार रखनेवाली महिलाएँ भीउठा रही हैं, दरअसल जिसने फार्म भरा उसे 1000 ? मासिक मिलने लगा, किसी ने जाँच की जरूरत ही नहीं समझी, पर लगता है नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव के बाद सरकार कोई नीति निर्धारित कर सकती है..? आदिवासी अंचल बस्तर में बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी के नाम से एक युवक महतारी वंदनयोजना कालाभ ले रहा था, गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद जगदलपुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी युवक के बैंक खाते को सीज किया गया है।पुलिस तफ्तीश कर यह पता कर रही है कि फर्जी वाड़े में और कौन शामिल है। सनी लियोनी के नाम से फर्जीवाड़ा करनेवाले आरोपी युवक का नाम वीरेंद्र जोशी है। बस्तर के तालुर गांव का रहने वाला है।वह हर महीने महतारी वंदन के तहत 1000 की राशि का लाभ ले रहा था।उसके खाते में हर महीने 1 हजार रुपये आते थे।पुलिस आरोपी वीरेंद्र जोशी सेलगा तार पूछताछ कर रही है।पुलिस का दावा है कि पूछ ताछ के बाद इस मामले में और खुलासा हो सकता है। घपले पर बस्तर कलेक्टर हरीश एस ने बताया किपूरा मामला बस्तर जिले के तालुर गांव का है। महतारी वंदन योजना में गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग को जांच का आदेश दिया गया था जांच में यह पाया गया कि आंगन बाड़ी कार्यकर्ता वेदमाती जोशी के आईडी से यह फॉर्म रजि स्टर्ड हुआ था।इसी आईडी से ही सनी लियोनी के नाम पर फॉर्म को अप्रूव किया गया।पुलिस ने जांच की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ है सनी लियोनी के नाम पर फॉर्म को मंजूरी देनेवाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सुपर वाइजर की भी लापरवाही सामने आई है.बस्तर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच तेज कर दी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इसमें और कौन कौन से लोग शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल का विस्तार कभी भी...

छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल का विस्तार जल्दी ही होना है, कभी चर्चा होती है कि नगरीय निकाय चुनाव के बाद यह होगा तो कभी यह भी चर्चा होती है, तत्काल ही विस्तार हो सकता है, वैसे साय मंत्रिमंडल में एक मंत्री पद तो एक साल से रिक्त है वहीँ एक पद बृज मोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद रिक्त है। वैसे जिस तरह से हाल ही में विधानसभा में सत्तापक्ष के कुछ वरिष्ठ विधायकों ने नये मंत्रियों को घेराज्वह किसी भावी योजना का अंग तो नहीं था?क्योंकि मंत्रिमंडल विस्तार में कुछ के विभाग बदलने की चर्चा है तो एक दो मंत्रियों को हटाने की भी उम्मीद है। जहाँ तक नये मंत्री बनाने का मसला है तो अमर अग्रवाल, गजेंद्र यादव किरण सिंह देव, राजेश मूणत या सुनील सोनीआदि सबसे आगे चल रहे हैं, किसे मंत्री बनाना है, सीएम का विशेषाधिकार है, पर जिस तरह से 1या 2 मंत्री चर्चा में हैं, उन्हें हटाया जाता है तो आश्चर्य नहीं होगा। चर्चा तो यह भी है कि हरियाणा सरकार की तर्ज पर छ्ग में भी 1और मंत्री बढ़ाया जा सकता है, हरियाणा में कुल 90 विधायक हैं और वहाँ 13 मंत्री बनाये गये हैं।

### अगला सीएस, डीजीपी कौन होगा या सेवावृद्धि होगी...?

नरेंद्र मोदी सरकार ने एक अघोषित निर्णय ले लिया है कि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहनेवाले आईएएस को ही राज्यों में मुख्य सचिव (सीएस) और आईपीएस को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बनाने में प्राथमिकता दी जाएगी, पर ऐसा नहीं होने पर ही राज्यों में तैनात अफसरों पर ही विचार किया जाएगा। छ्ग के पड़ोसी मप्र में सीएस तो केंद्रीय प्रति नियुक्ति से लौटे अनुराग जैन को बनाया गया है, वहीँ डीजीपी कैलाश मकवाना को बनाया गया है, उनके साथ सीएम मोहन यादव के उज्जैन जिले का होना भी प्लस रहा। छ्ग में मौजूदा डीजीपी अशोक जुनेजा की 5 फरवरी 25 को सेवावृद्धि समाप्त हो रही है, उनके कार्यकाल में और 6 माहकी वृद्धि की चर्चा है, नक्सल क्षेत्र में उनके एक साल के कार्यकाल में उपलब्धि मिली है फिर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छ्ग से नक्सलवाद समाप्त करने की समय सीमा भी तय कर दी है, इसके अलावा डीजी पी के लिये प्रस्तावित पवन देव, अरुण देव तथा हिमांशु गुप्ता कभी प्रतिनियुक्ति में नहीं रहे हैं, इसलिये ही तत्काल निर्णय नहीं हो पा रहा हैं। जहाँ तक हाल ही में फिर नौकरी में लौटे आई पीएस जीपी सिंह कासवाल है तो उन्हें अभी कुछ डीई का सामना करना है, उसके बाद ही वे केंद्र में एडीजी इम्पेनल होंगे तभी डीजी की दौड़ में शामिल हो सकेंगे। इधर जून 25 में सीएस अभिताभ जैन रिटा यर हो रहे हैं, उनके स्थान पर अभी प्रतिनियुक्ति में अमित अग्रवाल का नाम तेजी से चला हैं क्योंकि संभावित दावेदार रेणुपिल्ले सुब्रत साहू भी कभी प्रति नियुक्ति में नहीं रहे हैं, अमित अग्रवाल को रेल मंत्री अश्विन वैष्णव अभी छोड़ने के मूड में नहीं हैं वहीँ हाल ही में केंद्र में उन्हें सचिव पदोन्नत किया है ऐसे में वे छ्ग लौटेंगे लगता तो नहीं है? अभिताभ को भी 6 माह की सेवावृद्धि मिल जाये तो आश्चर्य नहीं है? वैसे उनके मुख्य आयुक्त, सूचना का अधिकार के पद पर जाने की भी चर्चा भी तेज है।

### क्या सीएमओ में भी होगा बदलाव...!

छ्ग के सीएम विष्णुदेव साय के सचिवालय में अब एक प्रमुख सचिव सहित 4 सचिव हो गये हैं जिनमे 4 आईएएस हैं, 1 आईपीएस भी हैं। हाल में सुबोध सिंह को प्रमुख सचिव बनाया गया है, मुकेश बंसल को सचिव बनाया गया है।पहले सीएम सचिवालय में पी. दयानन्द, बसव राजू तथा आईपीएस राहुल भगत सचिव थे। अब चर्चा है कि एक/दो सचिव को सचिवालय से हटाकर महत्वपूर्ण विभाग की जिम्मेदारी दी जा सकती है।यहां यह भी बताना जरुरी है कि सीएम सचिवालय की कार्यप्रणाली को लेकर कुछ भाजपा के प्रमुख नेताओं सहित आर एसएस ने भी नाराजगी जाहिर की थी!

### और अब बस...

- » इसी साल 31 दिसम्बर को 2 आईएएस जी. चुरेंद्र और शारदा वर्मा रिटायर हो जाएंगे।
- » बीजापुर के कोमपल्ली में नक्सलियों ने 64 फीटऊंचा 50 लाख के इनामी अक्की राजू की याद में बना स्मारक सुरक्षा बल ने तोड़ दिया है।

नई पहल

रायपुर, 29 दिसम्बर। आटो एवं ई-रिक्शा पर प्रतिबंध के बाद शास्त्री चौक का खाली-खाली सा नजारा। इन वाहनों को दूसरे रास्ते की ओर डायवर्ट किया जा रहा है।

## दिल्ली में भाजपा की बैठक, संगठन चुनाव को लेकर अहम निर्णय होंगे

**रायपुर, 29 दिसंबर।** आज दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) की संगठन चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है, जिसमें जिला अध्यक्ष के नामों को फाइनल किया जाएगा। बैठक में तीन नामों का पैनल तैयार किया गया है, जो जातिगत समीकरण को ध्यान में रखते हुए चयन किया गया है। इसके अलावा, 50 स्थगित किए गए मंडलों पर चुनाव आयोजित करने पर भी चर्चा की जाएगी। इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, संगठन चुनाव निर्वाचन अधिकारी खूबसूरत पारख, पर्यवेक्षक मधुसूदन यादव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय शामिल होंगे। वहीं, 467 मंडलों में चुनाव पहले ही समाप्त हो चुके हैं, और अब अंतिम चयन के लिए चर्चा जारी है। यह बैठक संगठन की आगामी योजनाओं और चुनाव प्रक्रिया को लेकर अहम निर्णय लेने वाली है, जो पार्टी की ताकत को और मजबूत करेगा।

## आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस 11 को

रायपुर, 29 दिसम्बर। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छ.ग. के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा की अध्यक्षता में शनिवार, दिनाँक 28 दिसम्बर, 2024 को प्रांतीय कार्यालय, प्रोसेसर कालोनी, रायपुर में आयोजित की गयी, जिसका शुभारंभ गणेश पूजन कर किया गया. इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने बताया कि समाज की एकता के सूत्रधार विप्र प्रतीक आचार्य चाणक्य स्मृति दिवस का आयोजन 11 जनवरी 2025 शनिवार, शाम 4.00 बजे से वृन्दावन हॉल, सिविल लाइन, रायपुर में किया जा रहा है जिसमें आचार्य चाणक्य जी के जीवन पर विद्वान वक्ताओं व्याख्यान एवं सनातन धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाना है.

महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने बताया की कार्यक्रम में उपस्थित समस्त दर्शकों से धार्मिक प्रश्न पूछे जाएंगे, सही उत्तर देने पर सम्मान पत्र से सम्मानित किया जाएगा एवं सर्वाधिक सही उत्तर देने पर स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा. संभागीय अध्यक्ष नितिन झा ने बताया कि सम्मानित अतिथियों एवं वक्ताओं के नाम तय कर उन्हें आचार्य चाणक्य जी पर व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया जाएगा. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणानिधि मिश्रा एवं राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा ने सभी सदस्यों को संगठन के कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की. आज की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, कार्यक्रम संयोजक अभिषेक त्रिपाठी, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणानिधि मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, प्रदेश महिला महासचिव सुमन मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय अवस्थी, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, संभागीय सचिव सतीश शर्मा, कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र पाठक, राधेश्याम तिवारी सहित प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे.

## बुद्धिकौशल से मनमोहन सिंह ने देश की अविस्मरणीय सेवा की : दीपक बैज

**रायपुर, 29 दिसम्बर।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजली देने श्रद्धांजली सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने अपने दिवंगत नेता के तस्वीर पर पुष्प चढ़ा कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित किया। उपस्थित कांग्रेसजनों स्व. डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यो को देश के लिये उनके योगदान तथा प्रधानमंत्री और आर्थिक विशेषज्ञ के रूप में उनके द्वारा किये गये महान कार्यो को याद किया।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह सही मायने में देश भक्त थे। अपनी बुद्धि और कौशल के माध्यम से उन्होंने देश और दुनिया की अविस्मरणीय सेवा किया। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भारत दुनिया के विकसित राष्ट्रो के समकक्ष खड़ा हो सका। देश की आर्थिक उन्नति में उनका बड़ा योगदान है। प्रधानमंत्री के रूप में अर्थशास्त्री के रूप में देश के लिये उनका योगदान अतुलनीय रहा है। आम आदमी को पहचान देने आधार कार्ड हो या आम आदमी को सशक्त बनाने के लिये सूचना का अधिकार का कानून देना या फिर किसानों को उनके जमीन का पूरा हक देने के लिये भूमिअधिग्रहण कानून बनाना हो या फिर सड़क के किनारे काम करने वाले ठेले खोमचे वाले के लिये वेंडर प्रोटेक्शन कानून बनाना या फिर रोजगार को कानून का अधिकार देने मनरेगा लाना हो, शिक्षा का अधिकार देना हो। प्रधानमंत्री के रूप मे मनमोहन सिंह जी ने इस देश के आम आदमी सशक्त बनाने के लिये अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये। उनका निधन भारत के लिये, देश की राजनीति के लिये कांग्रेस पार्टी के लिये अपूरणीय क्षति है।

श्रद्धांजली सभा में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, उपाध्यक्ष गुरूमुख सिंह होरा, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र तिवारी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, पूर्व विधायक विनय जायसवाल, महापौर एजाज ढेबर, पूर्व विधायक अनिता शर्मा, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, महामंत्री दीपक मिश्रा, सकलेन कामदार, सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार, वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा, संजय पाठक, पूर्व महामंत्री अमरजीत चावला, मछुआ कांग्रेस अध्यक्ष एम आर निषाद, शहर जिलाध्यक्ष गिरीश दुबे, ग्रामीण जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा, पंकज शर्मा, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष केशव चंद्राकर, मो. सिददीक, राहुल इन्दुरिया, शाहरूख अशरफी, दाउलाल साहू, दिनेश शुक्ला, मोहन लाल साहू, घनश्याम क्षत्रिय, मनीराम साहू, बजरंग यादव, पिंकी बाघ, सोन ठाकुर, सोहन शर्मा, राजेन्द्र जग्गी, संजय पाठक, सतीश जैन, मुन्ना मिश्रा, कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## गुरु घासीदास बाबा के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक : योगेश

**रायपुर, 29 दिसम्बर।** गोमची नंदनवन में बाबा गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए भाजपा नेता योगेश तिवारी ने बाबा गुरु घासीदास के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा जी के द्वारा दिखाया गया सत्य, समानता और मानवता का मार्ग आज के समाज में भी प्रासंगिक है। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह न केवल हमारे सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का माध्यम है, बल्कि समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन प्रयास है।

कार्यक्रम में आयोजित पंथी नृत्य प्रतियोगिता ने स्थानीय सांस्कृतिक विरासत को जीवंत किया। प्रतिभागियों ने पारंपरिक वेशभूषा में अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। नृत्य के माध्यम से बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन ने समाज में एकता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। योगेश तिवारी ने आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार होता है। योगेश तिवारी ने इस अवसर पर बाबा गुरु घासीदास जी के बताए मार्ग पर चलते हुए समाजसेवा का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि समाज की भलाई के लिए कार्य करना ही सच्ची सेवा है।

इस कार्यक्रम में क्षेत्र के शामिल प्रतिष्ठित लोगों में संरपच शाम बाई बंजारे, महेश निषाद अशोक लहरे सुखराम टंडन सुन्दर लाल बंजारे भगवान दास बंजारे, अशोक लहरें, मुकेश साहू, डॉक्टर रूपेंद्र कुर्रे, मोतीराम, नीलू निषाद, गन्नू गेंद्रे, भेखलाल बंजारे, चिंता बंजारे, अमरु बंजारे, घनश्याम बंजारे, मानू टंडन, गेंदलाल देशलहरे, टाकेश्वर देशलहरे, रामेश्वर देशलहरे, डॉक्टर जलंधर देशलहरे, भागवत टंडन, संजय गेंद्रे, कमल देशलहरे, नूतन देशलहरे, राहुल बंजारे, झम्मन बंजारे, मोहित देशलहरे, तोरण टंडन, बीरेंद्र देशलहरे, डागेश्वर बंजारे, तुषार बंजारे, विजय मनहरे, ज्ञानचंद बंजारे, कृष्णा चतुर्वेदी, प्रियांस टंडन, प्रिंस मनहरे, आर्यन मार्कण्डेय थे।

## दीक्षा चौबे महादेवी वर्मा अलंकरण से सम्मानित

**रायपुर, 29 दिसम्बर।** मध्यप्रदेश के उमरिया जिले में आयोजित पंडित रामनरेश मिश्र स्मृति सम्मान समारोह में वातायन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था उमरिया द्वारा उत्कृष्ट गीत सृजन के लिए दुर्ग, छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ गीतकार व शासकीय व्याख्याता डॉ. दीक्षा चौबे को महादेवी वर्मा अलंकरण से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में गीत, कहानी, ग़ज़ल, समीक्षा इत्यादि विविध विधाओं में चयनित साहित्यकारों को सम्मान पत्र, शाल, श्रीफल के साथ ग्यारह सौ रुपए राशि देकर सम्मानित किया गया तथा द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें स्थानीय एवं आमंत्रित कवियों ने अपनी प्रतिनिधि रचनाओं का पाठ किया। संस्था के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद प्यासी, संरक्षक राम निहोर तिवारी, वरिष्ठ साहित्यकार अनिल मिश्र, विजय बागरी, रायपुर से शशि खरे, रंजना गौतम, राजकुमार महोबिया, विश्वंभरनाथ मिश्र, जबलपुर से डॉ प्रतिभा पटेल, ब्यौहारी से विभूति तिवारी, महेश अजनबी जयपुर से, बिहार से ओंकार कश्यप, प्रयागराज से फरफूद अहमद इलाहाबादी, बैतूल से शायर संतोष जैन, रीवा से रामनरेश त्रिपाठी, सिहोरा से मुकेश त्रिपाठी, सागर से प्रभात कटारे ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी तथा अपनी रचनाओं से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. दीक्षा चौबे को उनके पारिवारिक सदस्यों एवं मित्रों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26